mediaauditornews@gmail.com mediaauditor Epaperdainikmediaauditor.in mediaauditor वर्ष-04 अंक-154 पृष्ठ-8 मूल्य-3 रूपये

सतना
04 जून 2024 मंगलवार

दैनिक मीडियाऑडीटर
सतना, रीवा से एक साथ प्रकाशित


विरोधी टीम पर ...

# चुनाव होते ही चला महंगाई का चाबुक
## अमूल-मदर डेयरी ने बढ़ाईं दूध की कीमतें
### दाल-सजी के बढ़े दामों के साथ महंगाई की चौतरफा मार




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इस सीजन में टमाटर और गर्मी में आने वाली सब्जियां अपेक्षाकृत कम दामों पर मिलती थीं, लेकिन इस बार सब्जियों के दामों में भी जबरदस्त बढ़ोतरी हुई है। आलू के कम उत्पादन का सीधा असर इस सबसे प्रमुख सब्जी पर पड़ी है।

चुनाव बीतते ही उपभोक्ताओं पर महंगाई की जोरदार मार पड़ी है। आज मदर डेयरी ने भी अपने दूध के दामों में प्रति लीटर दो रुपये की बढ़ोतरी कर दी है। इसके पहले अमूल ने अपने दूध के दामों में बढ़ोतरी की थी। पिछले हफ्ते ही एनएचएआई ने राष्ट्रीय राजमार्गों पर टोल दरों में पांच फीसदी की वृद्धि कर दी थी, जिससे आम उपभोक्ताओं का सफर महंगा हो गया था। माना जा रहा है कि आने वाले समय में पेट्रोल, डीजल और गैस के दामों में भी बढ़ोतरी हो सकती है।

# म.प्र.,दिल्ली समेत 11 राज्यों में आज हीटवेव का अलर्ट
### ओडिशा में लू से 99 मौत, उर भारत में कई जगहों पर आगजनी, लोग बेहाल



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नौतपा के बीतने के बाद भी देश के कई राज्यों में तेज गर्मी और हीटवेव का असर देखने को मिल रहा है। मौसम विभाग ने 11 राज्यों में आज हीटवेव का अलर्ट जारी किया है। इनमें पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र और ओडिशा शामिल हैं। ओडिशा में भीषण गर्मी का जानलेवा कहर देखने को मिला रहा है। राज्य में पारे के 40 डिग्री सेल्सियस के पार जाने के बाद लोगों की स्ट्रोक से मौत हो रही है। राज्य में अभी गर्मी से 141 मौतें हो चुकी हैं। इनमें 99 मौतें पिछले तीन दिनों में हुई हैं।

मौसम विभाग ने कहा है कि इन राज्यों में अगले तीन दिन तक हीटवेव चलेगी, हालांकि इसकी तीव्रता नौतपा के दिन में चली हीटवेव से कम होगी। मौसम विभाग के मुताबिक, 2 जून को इन राज्यों के कई जिलों में तापमान 43 डिग्री के आसपास रिकॉर्ड हुआ। हालांकि, कुछ जिलों में 45-46 डिग्री के बीच भी रिकॉर्ड किया गया।

### इन राज्यों में बारिश का अलर्ट

मौसम विभाग ने आज 18 राज्यों में बारिश का भी अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने कहा कि उत्तर प्रदेश और राजस्थान में धूलभरी आंधी के साथ बिजली गिरने और बारिश की आशंका है। वहीं, नॉर्थ ईस्ट के राज्यों में हल्की बारिश और मध्य प्रदेश के कुछ जिलों में भी हल्की बारिश होगी।

## संक्षिप्त समाचार

### दो हजार के 97.82 प्रतिशत नोट बैंकों में लौटे

● 7,755 करोड़ रुपये मूल्य के नोट अब भी लोगों के पास

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने सोमवार को कहा कि दो हजार रुपये मूल्य के 97.82 प्रतिशत नोट बैंकों में वापस आ गये हैं। चलन से हटाये गये केवल 7,755 करोड़ रुपये मूल्य के नोट अभी लोगों के पास हैं।




आरबीआई ने 19 मई, 2023 को 2000 रुपये मूल्य के बैंक नोट को चलन से वापस लेने की घोषणा की थी। 19 मई, 2023 को चलन में मौजूद 2000 रुपये मूल्य के बैंक नोट का कुल मूल्य कारोबार की समाप्ति पर 3.56 लाख करोड़ रुपये था। यह 31 मई, 2024 को कारोबार की समाप्ति पर घटकर 7,755 करोड़ रुपये रह गया। केंद्रीय बैंक ने बयान में कहा, ''इस प्रकार, 19 मई, 2023 तक चलन में 2000 रुपये के 97.82 प्रतिशत बैंक नोट बैंकिंग प्रणाली में वापस आ गये हैं।''

### पूरी उमीद है कि नतीजे एग्जिट पोल के बिल्कुल विपरीत होंगे : सोनिया गांधी

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव के लिए मतदान 1 जून को संपन्न हुआ, अब सभी की निगाहें 4 जून पर हैं, जब चुनाव परिणाम घोषित किए जाएंगे। वहीं, कांग्रेस नेता सोनिया गांधी – हमें इंतजार करना होगा।



बस, इंतज़ार करो और देखो। हमें पूरी उम्मीद है कि एग्जिट पोल जो कह रहे हैं, हमारे नतीजे उसके बिल्कुल विपरीत होंगे।

**लालू का दावा, कहा– चौंकाने वाला रिजल्ट देने जा रहा है इंडी गठबंधन, फिर से आ रही जनता की सरकार**– चार जून को लोकसभा चुनाव का रिजल्ट आ रहा। इससे पहले राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने बड़ा दावा किया है। लालू प्रसाद ने कहा कि बिहार में और देश में फिर से जनता की सरकार आ रही है। इंडिया गठबंधन भारी बहुमत से चौंकाने वाले रिजल्ट देकर जा रहा है।

### कश्मीर के पुलवामा में एनकाउंटर

● सुरक्षाबलों ने 2 आतंकियों को किया ढेर



**सरेंडर करवाने के लिए एक के माता-पिता को बुलाया गया था, दोनों तरफ से हो रही थी फायरिंग**

**श्रीनगर (एजेंसी)।** कश्मीर के पुलवामा जिले के निहामा क्षेत्र में सोमवार (3 जून) सुबह से आतंकियों के साथ सुरक्षाबलों की मुठभेड़ चल रही है। दोनों तरफ से फायरिंग जारी है। सुरक्षाबलों ने आतंकियों को घेर रखा है। 2 आतंकियों के छिपे होने की खबर थी। जिनको सुरक्षाबलों ने ढेर कर दिया।

# हिला देगा मुंबई के मीरा रोड में हार्ट अटैक का मामला
### क्रिकेट खेलते समय मारा छक्का और गिर पड़ा युवक फिर नहीं उठा



**मुंबई (एजेंसी)।** मुंबई के मीरा रोड में एक हिला देने वाली घटना हुई है। यहां पर एक टर्फ क्रिकेट मैच के दौरान युवक की हार्ट अटैक से मौत हो गई। इसका वीडियो हिला देने वाला है। युवक क्रिकेट खेलते समय बॉल को हिट करता है। छक्का मारकर वह खुश होता है और फिर जमीन पर गिर पड़ता है। पूरे देश में अचानक हार्ट अटैक से मौतों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा। वहीं तेज गर्मी और लू ने इन मौतों के आंकड़ों में इजाफा किया है। दिल का दौरा पड़ने की लाइव मौते कैमरों में कैद हो रही हैं। ऐसी ही एक और लाइव मौत का वीडियो सामने आया है। यह वीडियो हिला देने वाला है। इसमें दिख रहा है कि एक युवा क्रिकेट खेल रहा है। वह अपने दोस्त से वीडियो बनाने को बोलता है ताकि उसके चौके-छक्कों को वह अपने कैमरे में हमेशा के लिए कैद कर सके लेकिन उसे नहीं पता था कि उसके मोबाइल में उसकी मौत हमेशा के लिए कैद हो जाएगी। युवक बॉल को मारता है और खुश होता है, इसी के साथ अचानक जमीन पर गिर पड़ता है और वहां हड़कंप मच जाता है।

यह लाइव मौत का डरा देने वाला वीडियो मुंबई के मीरा रोड के है। बताया जा रहा है कि एक कंपनी ने यहां टर्फ क्रिकेट का आयोजन किया था। टीमों के बीच क्रिकेट मैच प्रतियोगिता चल रही थी।

### छक्का मारते ही गिरा

सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में दिख रहा है कि युवा गुलाबी रंग की जर्सी पहने हुए है। वह टर्फ क्रिकेट खेल रहा है और बैटिंग पोज में है। सामने से बॉलर गेंद फेंकता है र युवा इस गेंद को तेजी से हिट करता है। तेज शॉट से वह खुश होता है। उसकी टीम के लोग तालियां बजाते हैं और एक पल में युवक जमीन पर गिर पड़ता है।

### अस्पताल पहुंचने से पहले मौत

युवक के जमीन पर गिरते ही आसपास के लोग दौड़ पड़ते हैं। क्रिकेट रुक जाता है। लोग घबरा जाते हैं। ऐंबुलेंस को कॉल की जाती है। युवक को अस्पताल ले जाया गया लेकिन डॉक्टर्स ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस घटना की सूचना पुलिस को दी। काशीगांव पुलिस ने केस दर्ज करके युवक की मौत की जांच शुरू कर दी है।

# 'मोदी रिटर्न' की उम्मीद से झूमा शेयर बाजार
### निवेशकों ने 12 लाख करोड़ कमाए
### रिकॉर्ड ऊंचाई पर सेंसेस-निटी,रुपये ने भी टाइट किए कॉलर



**मुंबई (एजेंसी)।** चुनाव नतीजों से एक दिन पहले शेयर बाजार में रिकॉर्ड तेजी देखने को मिली। कारोबार के दौरान सेंसेक्स 2777 पॉइंट की तेजी के साथ 76,738 के ऑलटाइम हाई पर पहुंच गया। वहीं निफ्टी ने भी 808 पॉइंट की तेजी के साथ 23,338 का ऑल टाइम हाई बनाया। हालांकि, बाद में बाजार अपने ऊपरी स्तरों से थोड़ा नीचे आया और सेंसेक्स 2,507 पॉइंट के तेजी के साथ 76,468 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी 733 पॉइंट चढ़कर 23,263 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 25 में तेजी और 5 में गिरावट रही।

### रुपया 28 पैसे मजबूत होकर बंद

आज रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 28 पैसे मजबूत होकर 83.14 रुपए पर बंद हुआ। शुक्रवार को ये 83.42 रुपए पर बंद हुआ था। निफ्टी पीएसयू बैंक 8.40 प्रतिशत चढ़कर बंद आज सभी सेक्टर हरे निशान में बंद हुए। सबसे ज्यादा तेजी निफ्टी पीएसयू बैंक में रही। यह 8.40 प्रतिशत चढ़कर बंद हुआ। निफ्टी ऑयल एंड गैस 6.81 प्रतिशत चढ़ा। रियल्टी सेक्टर में भी 5.95 प्रतिशत की तेजी रही। मेटल और मीडिया सेक्टर 3 प्रतिशत से ज्यादा चढ़े। निफ्टी ऑटो में 2.45 प्रतिशत की तेजी रही।

### निवेशकों की वेल्थ लगभग 12 लाख करोड़ बढ़ी

शेयर बाजार में आई इस तेजी से कारोबार के दौरान निवेशकों की वेल्थ लगभग 12 लाख करोड़ रुपए बढ़ गई है। बीएसई का मार्केट कैप शुक्रवार को 4,12,12,881 करोड़ रुपए था जो आज यानी, 3 जून को कारोबार को दौरान बढ़कर 4,23,71,233 करोड़ रुपए पहुंच गया।

**बैंक निफ्टी पहली बार 51,000 के पार** – बैंक निफ्टी पहली बार 51,000 के पार हो गया है। इसने आज कारोबार के दौरान 51,106.15 का ऑल टाइम हाई और 52 वीक हाई बनाया।

# लोकतंत्र के महापर्व के नतीजे आज

● सुबह 9 बजे से रुझान आने शुरु हो जाएंगे ● नेताओं में बैचेनी बढ़ी,काशी में 40 हजार किलो लड्डू तैयार

### राजभर बोले-8 जून को मोदी पीएम पद की शपथ लेंगे



**नईदिल्ली/वाराणसी (एजेंसी)।** आज लोकसभा चुनाव के परिणाम आ जाएंगे। सुबह 9 बजे से रुझान आने शुरु हो जाएंगे। नेताओं के सोमवार की रात बैचेनी में कटेगी। सुबह से लेकर शाम तक पूरी तरह से साफ हो जाएगा कि बाजी किसके हाथ लगेगी। आज देशभर में लोकसभा चुनाव के परिणामों को लेकर पार्टियों ने तैयारी कर रखी है। यूपी की 80 लोकसभा सीटों पर मंगलवार सुबह 8 बजे से गिनती शुरू होगी। सुबह 9 बजे से रुझान आने शुरू हो जाएंगे। 12 बजे तक लगभग तस्वीर साफ हो जाएगी कि कौन जीत की तरफ बढ़ रहा है। इधर, सुभासपा प्रमुख ओपी राजभर ने दावा किया है कि 8 जून को नरेंद्र मोदी तीसरी बार पीएम पद की शपथ लेंगे। विपक्ष की सीटें कम आ रही हैं। इसलिए, वे लोग बौखला रहे हैं। वहीं, रिजल्ट से पहले काशी में भाजपा कार्यकर्ता 40 हजार किलो लड्डू बनवा रहे हैं।

### पश्चिम बंगाल में चुनाव रिजल्ट के बाद हिंसा की आशंका, 19 जून तक राज्य में तैनात रहेंगे केंद्रीय बल

केंद्रीय बलों की लगभग 400 कंपनियां 19 जून तक बंगाल में रहेंगी। एक अधिकारी ने सोमवार को कहा कि किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए तैनाती मुख्य रूप से हिंसा की दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्रों और जिलों में की जाएगी। पहले 6 जून तक केंद्रीय बलों की तैनाती होनी थी।



वोटों की गिनती 4 जून, मंगलवार को होगी।भारत चुनाव आयोग ने राज्य से चुनाव के बाद की हिंसा को ध्यान में रखते हुए, वोटों की गिनती के बाद 15 और दिनों के लिए पश्चिम बंगाल में केंद्रीय बलों को तैनात करने का फैसला किया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, केंद्रीय बलों की लगभग 400 कंपनियां 19 जून तक बंगाल में रहेंगी। एक अधिकारी ने सोमवार को कहा कि किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए तैनाती मुख्य रूप से हिंसा की दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्रों और जिलों में की जाएगी। पहले 6 जून तक केंद्रीय बलों की तैनाती होनी थी। वोटों की गिनती 4 जून, मंगलवार को होगी।

### धूं-धूं करके जल उठे ताज एक्सप्रेस के तीन कोच

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भीषण गर्मी के बीच दिल्ली के सरिता विहार में ताज एक्सप्रेस ट्रेन में आग लग गई। आग लगने की सूचना मिलते ही मौके पर फायर ब्रिगेड की गाड़ियों को रवाना किया गया है। फायर डायरेक्टर अतुल गर्ग ने बताया कि 4.24 पर हरकेश नगर से सूचना मिली थी। मौके पर छह गाड़ियां भेजी गई है जो आग पर काबू पाने की कोशिश में लगी हुई हैं।

### ईडी की चार्जशीट में दावा-
# के. कविता ने आप नेताओं को दी 100 करोड़ की रिश्वत



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी ने के कविता के खिलाफ जो चार्जशीट दाखिल की थी उसको लेकर अब बड़ा खुलासा हुआ है। दरअसल इस चार्जशीट में ईडी ने 1100 करोड़ के घोटाले के बारे में बताया गया है। जिसमें दावा किया गया कि बीआरएस नेता के कविता पर 292.8 करोड़ रुपये के फर्जीवाड़े में शामिल थीं। इसके साथ ही के कविता ने सरकारी अधिकारियों को रिश्वत दी थी। जिसमें 100 करोड़ आप नेताओं को रिश्वत और 192.8 करोड़ इंडोस्पिरिट्स कंपनी का लाभ शामिल है।

**सबूतों को नष्ट करने का भी आरोप**– चार्जशीट में ये भी आरोप लगाया गया कि के कविता ने इस मामले में अपनी भूमिका छिपाने के लिए कई सबूतों को नष्ट भी किया है। ईडी ने कहा कि के कविता ने डिजिटल साक्ष्य नष्ट कर दिए हैं। जिसमें मोबाइल फोन का डेटा भी शामिल है। ईडी को के कविता के पास से 9 मोबाइल फोन मिले थे लेकिन उनमें से सभी फोन फॉर्मेट है। किसी में भी कोई डेटा नहीं है।

### झूठे आरोपों पर चुनाव आयोग बोला-
# शक का इलाज नहीं, हमें लापता जेंटलमेन कहा गया, लेकिन देश में वोटिंग का वर्ल्ड रिकॉर्ड बना

● शक का इलाज तो हकीम लुकमान के पास भी नहीं है ● कभी ईवीएम खराब तो कभी... यह चल क्या रहा है

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव नतीजों से एक दिन पहले चुनाव आयोग की प्रेस कॉन्फ्रेंस हुई। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने सोमवार कांग्रेस नेता जयराम रमेश के आरोपों का जवाब देते हुए कहा कि शक का इलाज तो हकीम लुकमान के पास भी नहीं है। शनिवार को जयराम रमेश ने कहा था कि गृह मंत्री अमित शाह ने 150 जिला अधिकारियों और कलेक्टरों से फोन पर बात की है।




यह खुलेआम तरीके से धमकी देना है। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने फेक नैरेटिव को लेकर जवाब दिया। उन्होंने कहा कि 2019 में वोटर टर्नआउट को लेकर केस आया। वोटर टर्नआउट में कुछ गड़बड़ नहीं हुआ। उसमें पीसी और एसी का टोटल टॉप पर नहीं था बाकी सब था। इसको तो कोई निकाल सकता है।

### चुनाव आयोग ने माना

**सोमवार और शुक्रवार को नहीं होना चाहिए मतदान, इसे गर्मी से पहले करा लेने की बात भी सही**– लोकसभा चुनाव के सात चरणों के मतदान के बाद चार जून यानी आज मतगणना होगी। इससे पहले चुनाव आयोग ने सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव 2024 में भाग लेने वाले सभी मतदाताओं का खड़े होकर अभिनंदन किया। मीडिया को संबोधित करते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने माना कि सोमवार और शुक्रवार को मतदान नहीं कराया जाना चाहिए, क्योंकि इन दिनों के बीच काफी लंबा अंतर हो जाता है। चुनाव आयोग से जब इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि शुक्रवार और सोमवार की बात बिल्कुल सही है। यह भी हमारे लिए सीखने वाली बात है।

## संक्षिप्त समाचार

### बैरागढ़ सिविल अस्पताल में रेडियोलाजिस्ट नहीं, मेडीकल आफिसर की भी कमी

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** संत हिरदाराम नगर एवं आसपास के ग्रामीण इलाकों की करीब दो लाख आबादी बैरागढ़ सिविल अस्पताल पर निर्भर है इसके बावजूद अस्पताल में लंबे समय से रेडियोलाजिस्ट का पद खाली है। प्रसूती के लिए आई महिलाओं को सोनोग्राफी के लिए परेशान होना पड़ता है। मेडीकल आफिसर के दो पद भी खाली हैं। अस्पताल में लंबे समय से चिकित्सकों की कमी महसूस की जा रही थी। अस्पताल पर बैरागढ़ के अलावा आसपास के ग्रामीण जनता के स्वास्थ्य का भार है। एक समय अस्पताल में 22 चिकित्सक हुआ करते थे। अब यह संख्या घटकर 15 रह गइ है। चिकित्सकों की कमी के कारण स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हो रही थीं। अस्पताल प्रबंधन ने कई बार इस संबंध में विभागीय स्तर पर पत्राचार किया। हाल ही में एनेस्थेशिया एवं पैथालाजिस्ट की नियुक्ति की गई है लेकिन चिकित्सकों की कमी महसूस की जा रही है। सोनोग्राफी के लिए सप्ताह में दो दिन बाहर के चिकित्सक आते हैं। अस्पताल में हर माह 300 से अधिक सोनोग्राफी जांच होती है, इसके बावजूद रेडियोलाजिस्ट नहीं है। अस्पताल में मेटरनिटी विंग का काम अंतिम चरण में है। इसका निर्माण होने से महिलाओं को सुविधा हो जाएगी। इसके साथ ही आधुनिक आपरेशन थियेटर एवं लेबर रूम का निर्माण किया जाएगा। 45 बिस्तर वाला पीएनसी वार्ड एवं आठ बिस्तर वाला आइसोलेशन वार्ड बनाया जा रहा है। नए विंग में गर्भवती महिलाओं के इलाज की विशेष व्यवस्था रहेगी। बर्न यूनिट एवं बच्चों के लिए अलग वार्ड भी बन रहा है पर इसके लिए चिकित्सकों की पदस्थापना अभी तक नहीं की जा सकी है। जब तक चिकित्सक तैनात नहीं होते तब तक इसका लाभ मरीजों को नहीं मिल सकेगा। अस्पताल में मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए मेडीकल आफिसर की कमी है। रेडियोलाजिस्ट नहीं है लेकिन सोनोग्राफी के लिए सप्ताह में दो दिन तय हैं। महिला मरीजों को परेशानी नहीं होने दी जाती। डाक्टरों की संख्या बढ़ाने के लिए विभागीय स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं।

### पुरानी जेल पर होगी मतगणना, मंगलवार को सुबह से परिवर्तित रहेंगे कई मार्ग

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** अरेरा हिल्स स्थित पुरानी जेल परिसर में मंगलवार को लोकसभा चुनाव-2024 की मतगणना होगी। इसमें विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता एवं उनके समर्थक भी मौजूद रहेंगे। इसके अतिरिक्त मतगणना कार्य में बड़ी संख्या में कर्मचारी भी अपने-अपने वाहनों से वहां पहुंचेंगे। पुरानी जेल के आसपास सुरक्षा एवं यातायात के दबाव को देखते हुए मंगलवार सुबह छह बजे से कुछ मार्ग परिवर्तित रहेंगे। वैकल्पिक मार्गों की व्यवस्था इस तरह रहेगी। सीआइ कालोनी, पुलिस कन्ट्रोल रूम तिराहा, होमगार्ड टर्निंग एवं कोर्ट चौराहे से पुरानी जेल की ओर आने वाले मार्ग पर समस्त प्रकार (दो-पहिया, चार पहिया, लोकपरिवहन, सभी अनुमति प्राप्त भारी वाहन) के वाहनों का आवागमन पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा। केवल मतगणना कार्य में संलग्न वाहन ही पुरानी जेल परिसर की ओर आवागमन कर सकेंगे।

### संजय दुबे सितंबर में बनेंगे अपर मुख्य सचिव, संजय बंदोपाध्याय के सेवानिवृत्त होने पर होगी पदोन्नति

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** मध्य प्रदेश राजस्व मंडल के अध्यक्ष अश्विनी राय सेवानिवृत्त हो गए पर इसका लाभ अभी किसी अधिकारी को नहीं मिलेगा। प्रमुख सचिव गृह संजय दुबे अपर मुख्य सचिव पद पर पदोन्नत होंगे। मगर उन्हें इसके लिए अगस्त माह के अंत तक प्रतीक्षा करनी होगी। कर्मचारी चयन मंडल के अध्यक्ष संजय बंदोपाध्याय 31 अगस्त को सेवानिवृत्त होंगे। तब जो पद रिक्त होगा, उस पर संजय दुबे को पदोन्नत किया जाएगा। प्रदेश में मुख्य सचिव का वेतनमान पाने वाले 14 अधिकारी हैं। केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से वापस लौटाए जाने के कारण एक अधिकारी संजय बंदोपाध्याय बढ़ गए हैं। स्वीकृत पद से अधिक अधिकारी होने के कारण सरकार ने दो माह के लिए मुख्य सचिव वेतनमान का पद स्वीकृत किया था। कल्पना श्रीवास्तव के सेवानिवृत्त होने पर यह पद स्वत: समाप्त हो गया।

### केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय भोपाल में 21दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय भोपाल परिसर में रंगमंच के मूल तत्व एवं संस्कृत नाटकों के निर्देशन पर 21 दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ सोमवार को किया गया। इस कार्यशाला में देश के विभिन्न राज्यों जिनमें प्रमुख रूप से उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, जम्मू, अगरतला, उड़ीसा, हरियाणा, तमिलनाडू से छात्र शामिल होने भोपाल पहुंचे। कार्यक्रम के अध्यक्ष के रूप में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर श्रीनिवास वरखेड़ी ऑनलाइन जुड़े। उन्होंने आयोजन के लिए परिसर को बधाइयां दी एवं उचित मार्गदर्शन दिया। अतिथियों का स्वागत एवं प्रस्ताविक प्रस्तुतीकरण भोपाल परिसर के निदेशक प्रो. रमाकांत पांडे ने किया।

# मध्य प्रदेश में भिंड, टीकमगढ़ के पहले आ सकते हैं परिणाम, मतगणना के लिए लगाई 4125 टेबलें



**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** मध्य प्रदेश की सभी 29 लोकसभा सीटों के लिए मतगणना मंगलवार चार जून को सुबह आठ बजे से 52 जिला मुख्यालयों पर प्रारंभ होगी। इसके लिए 2,125 टेबलें लगाई हैं। 242 टेबलों पर डाक मतपत्र गिने जाएंगे। मतगणना पर नजर रखने के लिए 116 केंद्रीय प्रेक्षक नियुक्त किए गए हैं। केंद्रीय अर्द्ध सैनिक बल, राज्य सशस्त्र बल और जिला बल के 15 हजार से अधिक जवान सुरक्षा के लिए तैनात किए हैं। 22 हजार 595 कर्मचारी मतों की गणना करेंगे। प्रत्याशी और गणना चक्र कम होने के कारण भिंड और टीकमगढ़ लोकसभा सीट के परिणाम पहले आ सकते हैं। जबलपुर कलेक्टर दीपक सक्सेना के पुत्र शोक होने के कारण उनके स्थान पर किसी अन्य अधिकारी को मतगणना का दायित्व सौंपा जाएगा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि मतगणना के लिए मंगलवार को ड्राई डे घोषित किया गया है।शराब दुकानें बंद रहेंगी। मतगणना स्थल पर केवल अधिकृत व्यक्तियों को ही प्रवेश मिलेगा। मोबाइल, लैपटाप, केलकुलेटर ले जाने की अनुमति नहीं रहेगी। ईवीएम मतगणना के लिए सबसे अधिक 24 चक्र खजुराहो लोकसभा के अंतर्गत आने वाले पवई विधानसभा और सबसे कम 12 चक्र की गणना भिंड लोकसभा के सेवढ़ा विधानसभा में होगी। कौन सा कर्मचारी किस टेबल पर मतों की गणना करेगा, यह सुबह पांच बजे प्रेक्षक की उपस्थिति में निर्धारित होगा। प्रत्येक चक्र की गणना के बाद रिटर्निंग आफिसर द्वारा परिणामों की घोषणा की जाएगी। इसकी प्रमाणित प्रति भी उपलब्ध कराई जाएगी। इसके बाद ही दूसरे चक्र की गणना प्रारंभ होगी। मतपत्रों की गणना पूरी होते ही इसकी भी घोषणा कर दी जाएगी। प्रत्येक गणना टेबल पर चार अधिकारी कर्मचारी रहेंगे।माइक्रो आब्जर्वर पूरे समय उपस्थित रहेंगे। यदि किसी ईवीएम का डिस्प्ले खराब हो जाता है तो उस मशीन को अलग रख दिया जाएगा। प्रत्येक विधानसभा से पांच-पांच वीवीपैट की पर्ची का मिलान ईवीएम के वोट से किया जाएगा। डाक मतपत्रों की गिनती 29 रिटर्निंग आफिसर मुख्यालय पर होगी। इसके लिए अलग से टगेबल होगी इसलिए इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन में पड़े मतों की गिनती भी सुबह आठ बजे साथ-साथ प्रारंभ हो जाएगी। सुबह आठ बजे तक जिन सेवा मतदाताओं के मतपत्र प्राप्त हो जाएंगे, उन्हें गणना में शामिल कर लिया जाएगा। इन्हें मतगणना स्थल तक पहुंचाने के लिए डाक विभाग के कर्मचारियों को विशेष पास जारी किए गए हैं। अभी तक 37 हजार 573 सेवा मतदाताओं के मतपत्र प्राप्त हो चुके हैं। जबकि, 85 वर्ष से अधिक आयु के 35,211 और 12,816 दिव्यांग मतदाताओं ने घर से मतदान किया।

## सौ-सौ एमबीबीएस सीटों के लिए इसी सत्र से मिल सकती है मान्यता



**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** नीमच, सिवनी और मंदसौर में इसी सत्र से मेडिकल कालेज शुरू करने के लिए स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग ने दौड़-भाग तेज कर दी है। पहले तीनों जगह 150-150 सीटों में प्रवेश के लिए चिकित्सा शिक्षा विभाग ने नेशनल मेडिकल कमीशन (एनएमसी) को आवेदन किया था, पर संसाधन पूरे नहीं होने के कारण अब सौ-सौ एमबीबीएस सीटों की अनुमति के लिए विभाग प्रयासरत है। इस संबंध आयुक्त चिकित्सा शिक्षा तरुण पिथौड़े और संचालक चिकित्सा शिक्षा एके श्रीवास्तव ने शुक्रवार को दिल्ली में एनएमसी के अधिकारियों के साथ बैठक की। उधर, फैकल्टी के बचे पदों की भर्ती शीघ्र शुरू होगी। आचार संहिता खत्म होने के बाद पुस्तकों की खरीदी होगी। बता दें कि अभी प्रदेश में 14 सरकारी कालेज संचालित हो रहे हैं। केंद्र सरकार ने वर्ष 2018 में राजगढ़, सिंगरौली, श्योपुर, सिवनी, नीमच और मंदसौर में कालेज शुरू करने की स्वीकृति दी थी। इनमें राजगढ़ छोड़ सभी कालेज 2024-25 से शुरू करने की तैयारी थी। भवन निर्माण पूरा नहीं होने के कारण सिंगरौली और श्योपुर को अगले वर्ष सत्र शुरू करने के लिए रखा गया। बाकी तीन कालेजों के लिए तैयारी की जा रही है। एनएमसी का दल इसी माह नीमच, मंदसौर और सिवनी मेडिकल कालेज के निरीक्षण के लिए आ सकता है। इन कालेजों के भवन का काम लगभग पूरा हो गया है, पर आचार संहिता प्रभावी होने के कारण लाइब्रेरी के लिए पुस्तकों की खरीदी नहीं हो पाई है। बड़ी दिक्कत यह है कि तीनों कालेजों में अभी मापदंड से 50 प्रतिशत फैकल्टी ही हैं। एनएमसी इस पर आपत्ति कर सकती है, इसी कारण सीटों की संख्या 150 की जगह सौ की जा रही है। फैकल्टी के बचे पदों को भरने के लिए फिर से प्रक्रिया शुरू करने की तैयारी है।

## मंत्रालय में हुआ राष्ट्र-गीत वंदे-मातरम एवं राष्ट्र-गान जन-गण-मन का सामूहिक गायन




**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** जून माह के प्रथम शासकीय कार्य दिवस पर मंत्रालय स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल पार्क में राष्ट्र-गीत वंदे-मातरम एवं राष्ट्र-गान जन-गण-मन का सामूहिक गायन हुआ। इस अवसर पर पुलिस बैंड ने देशभक्ति से ओतप्रोत सुमधुर धुनें प्रस्तुत की। सामूहिक गायन में अपर मुख्य सचिव श्री जे एन कंसोटिया, डॉ राजेश राजौरा, श्री मलय श्रीवास्तव, प्रमुख सचिव श्री मनीष रस्तोगी, सचिव श्री नवनीत मोहन कोठारी एवं श्री अनिल सुचारी सहित मंत्रालय, सतपुड़ा और विंध्याचल भवन के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# स्वास्थ्य सुविधाएँ हितग्राहियों के द्वार पर



**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** प्रत्येक हितग्राही को उसकी आवश्यकता के अनुसार स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा निरंतर नवाचार किए जा रहे हैं। नवाचारों के माध्यम से विगत 15 दिनों में 210 विशेष शिविरों में 28 हजार से ज्यादा नागरिकों को स्वास्थ्य की विभिन्न सेवाओं से लाभान्वित किया गया है।

शिविरों के माध्यम से नागरिकों को स्वास्थ्य के बारे में जागरूक भी किया गया, ताकि वे बीमारियों से बच सकें और लक्षणों की जल्द पहचान कर उपचार ले सकें। शिविरों को हितग्राहियों के सुविधाजनक समय एवं स्थान पर आयोजित किया गया। विभाग के चिकित्सकों, पैरामेडिकल, प्रबंधकीय और सपोर्ट स्टाफ ने कार्यालयीन समय के अतिरिक्त इन शिविरों में अपनी सेवाएं दी। शिविरों में असंचारी रोगों का परीक्षण, आंखों की जांच, वयस्क बीसीजी टीकाकरण, आयुष्मान कार्ड एवं आभा कार्ड बनाने की सेवाएं दी गई।

साथ ही मलेरिया, क्षय रोग एवं कुष्ठ रोग की स्क्रीनिंग कर इन बीमारियों की जानकारी के लिए जागरूकता गतिविधियां भी की गई। यह शिविर श्रमिक पीठों, रैन बसेरो एवं गल्ला मंडी में किए गए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल डॉ. प्रभाकर तिवारी ने बताया कि समाज के निर्धन एवं वंचित तबके के लोग अपने काम की व्यस्तता अथवा समय अभाव के कारण स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लेने में विलंब कर देते हैं या लाभ ले ही नहीं पाते हैं। ऐसे लोगों की स्वास्थ्य संबंधी आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए भोपाल के विभिन्न स्थानों पर पिछले 15 दिनों से निरंतर विशेष शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। यह सभी शिविर नागरिकों के कामकाजी माहौल एवं रहने के स्थान के नजदीक लगाए गए हैं। इन शिविरों में समय का चुनाव भी हितग्राहियों की सुविधा को देखते हुए ही रखा गया। स्वास्थ्य संस्थाएं सुबह 9:00 से दोपहर 2.00 बजे एवं शाम को 5.00 से 6:00 बजे तक संचालित होती है। ये विशेष शिविर सुबह 9:00 बजे से पहले एवं शाम 6:00 बजे के बाद लगाए गए ताकि लोग अपने कामकाज पर जाने के पहले या कामकाज से आने के बाद स्वास्थ्य सेवाएं ले सकें। इन शिविरों में चिह्नित किए गए मरीजों को नजदीकी स्वास्थ्य संस्थाओं में उपचार दिया जा रहा है।

## साइकिल से की हजारों किमी की यात्रा, रोजाना कर रहे 20 से 30 किमी का सफर

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** किसी ने साइकिल से कश्मीर से कन्याकुमारी का सफर तय किया, तो किसी ने मनाली से लेह का तक का। तो कोई अपनी फिटनेस को बरकरार रखने के लिए रोजाना साइकिलिंग कर रहा है। कोई रोजाना 20 किलोमीटर की साइकिल राइड कर रहा है। अपनी भागदौड़ भरी जिंदगी से लोग कुछ समय साइकिलिंग के लिए भी निकाल रहे है। बच्चों से लेकर बड़े सभी को साइकिलिंग कर रहे हैं। विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर शहर के साइकिलिस्ट से बातचीत की और जाना कि उन्होंने साइकिलिंग की शुरुआत कब से की और अभी तक कहा-कहा साइकिल राइड कर चुके है। साइकिलिस्ट वरुण नामदेव कहते हैं कि चार साल से साइकिलिंग कर रहा हूं। इस दौरान मैंने कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक की यात्रा साइकिल से की। उन्होंने बताया कि मौसम के अनुसार साइकिलिंग करते है, बारिश के मौसम में पहाड़ी जगहों पर ज्यादा राइड करते है। वहीं भोपाल से देवास, उज्जैन, रायसेन, गुना, विदिशा आदि जगहों पर साइकिल राइड कर चूका हूं। वरुण ने बताया कि रोजाना साइकिल से 10 से 15 किमी. की राइड करता रहता हूं। उन्होंने बताया कि साइकिल चलाने से सारे वर्कआउट हो जाते है। साइकिलिस्ट पूजा जोशी कहती है कि चार वर्ष पहले साइकिलिंग शुरू की। अब यह डेली रूटीन हो गया है। शुरूआत में 20 से 30 किमी की छोटी-छोटी साइकिल राइड करते थी। ग्रुप के साथ साइकिलिंग करने लगी। उन्होंने बताया कि 100 किमी. से लेकर 500 किमी की राइड कर चुकी हूं। 600 किमी की राइड के लिए तैयारी कर रही हूं। उन्होंने कहा कि भोपाल से रायसेन, भीमबेटका सहित आसपास की कई क्षेत्रों पर राइड की है।

# मध्यस्थता से विवाद समाधान में हर कोई होता विजेता

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा है कि मध्यस्थता वह प्रक्रिया है, जिसमें हर कोई विजेता होता है क्योंकि मध्यस्थता में विवाद का निपटारा किसी आदेश के द्वारा नहीं होता है, व्यवस्थित चर्चा के द्वारा दो पक्ष समझौते पर पहुंचते है। मध्यस्थता सबके लिए किफायती, जल्द और उत्तरदायी न्याय का सुलभ, सुगम एवं प्रभावी तरीका है। उन्होंने कहा है कि विवाद को उत्पन्न करने वाली परिस्थितियों के समाधान के लिए समाज और सरकार को मिलकर कार्य करना होगा। समाज की विकृतियों को दूर करने के लिए चिंतन करना होगा। बेहतर समाज निर्माण में प्रबुद्ध वर्ग की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्हें आगे बढ़कर कार्य करना होगा। राज्यपाल श्री पटेल आज ई-मीडिएशन राईटिंग्स संस्था वर्षगांठ समारोह को संबोधित कर रहे थे। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि विवादों की उत्पत्ति छोटी-छोटी बातों से होती है। बोलने और देखने के तरीकों को लेकर बड़े-बड़े विवाद हो जाते हैं। विवाद बढ़े नहीं, इसके लिए मन-मस्तिष्क की शांति जरूरी है। जरुरी है कि समाज में जागरूकता का ऐसा वातावरण हो, जिसमें सभी हितधारक मध्यस्थता के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण और पहल का प्रदर्शन करें। युवाओं से अनुरोध किया कि वे जन-सामान्य की बोल-चाल की भाषाओं में मध्यस्थता के अवार्ड के न्यायालयीन महत्व के फ़ायदों को समझाने के लिए आगे आए। समर्थ जन गरीबों, वंचितों को सस्ती, सुलभ और तेज न्याय प्रक्रिया के लाभ दिलाने में मध्यस्थता के द्वारा सहयोग करे। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा है मध्यस्थता के द्वारा विवादों के समाधान की व्यापकता के लिए जरूरी है कि सुशिक्षित और प्रशिक्षित मीडिएटर्स एवं मीडिएशन परिणामों की स्वीकार्यता का दायरा बढ़ाया जाये। परिचयात्मक पाठ्यक्रमों से लेकर मिड-कैरियर-प्रोफेशनल रिफ्रेशर कोर्स की सभी स्तरों पर सतत व्यवस्था हो । मध्यस्थता केंद्रों में बुनियादी सुविधाओं को उन्नत कर, मध्यस्थता के द्वारा व्यापक आबादी को लाभ पहुंचाने के लिए पक्के इरादों, सबके साथ और प्रयासों से पहल की जाए। उन्होंने ई-मीडिएशन राईटिंग्स संस्था से अपेक्षा की है कि जनजाति बहुल क्षेत्रों में विशेष ध्यान केन्द्रित करे। मध्यस्थता से सम्बंधित ई-प्रकाशन, नवाचार और ऑनलाईन मीडिएशन के द्वारा विवाद समाधान व्यवस्था को आर्थिक, सामाजिक रूप से वंचित समुदाय तक पहुँचाने में सहयोग करे। सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश जस्टिस जे.के. महेश्वरी ने पारिवारिक विवादों में मध्यस्थ की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने भारतीय ज्ञान परंपरा के उदाहरण देते हुए बताया कि विवाद को समाप्त करने के लिए मध्यस्थता की पहल भारतीय संस्कृति में आदिकाल से मौजूद है। मध्यस्थता से विवादों के समाधान के लिए समाज का पुनर्जागरण करना जरूरी है। उन्होंने रामचरित मानस, महाभारत के दृष्टांतों का उद्धरण देते हुए विवादों के समाधान में मध्यस्थ की भूमिका को रेखांकित किया। बताया कि तटस्थ भाव से मध्यस्थता की पहल से लम्बित पारिवारिक विवाद के आधे मामले समाप्त हो सकते हैं।चेयरमैन आर्म्ड फोर्सेज ट्रिब्यूनल न्यायमूर्ति श्री राजेंद्र मेनन ने कहा कि मध्यस्थता समय की मांग है। मध्यस्थता से विवादों के समाधान का नया दौर शुरू होगा। न्यायिक प्रशिक्षण में मध्यस्थता की संकल्पना में परिवर्तन होगा। उन्होंने बताया कि विधि शिक्षा में अनिवार्य विषय के रूप में मध्यस्थता के पाठ्यक्रम का भी निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मध्यस्थता के संबंध में आर्म्ड फोर्सेज के अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण की व्यवस्था की गई है। प्रशिक्षित अधिकारियों का अनुभव है कि मध्यस्थता संबंधी प्रशिक्षण से उनकी सोच में काफी बदलाव आया है।

# जल स्रोतों के संरक्षण के लिए 5 से 16 जून तक चलेगा विशेष अभियान



**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** प्रदेश के सभी जिलों में जल स्रोतों के संरक्षण और पुनर्जीवन के लिए 5 जून से 16 जून तक विशेष अभियान संचालित किया जाएगा। इस अभियान का संचालन ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग एवं नगरीय क्षेत्रों में नगरीय विकास एवं आवास विभाग करेगा। अभियान के सफल व सुचारू संचालन के लिए पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री मलय श्रीवास्तव और नगरीय विकास एवं आवास विभाग के प्रमुख सचिव श्री नीरज मंडलोई द्वारा राज्य के सभी कलेक्टरों को संयुक्त दिशा-निर्देश?जारी किए गए हैं। निर्देशों में कलेक्टरों से कहा गया है कि अभियान के दौरान जल संरचनाओं के उन्नयन कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर कराये जाए। जल संरचनाओं से मिलने वाले गंदे पानी के नाले अथवा नालियों को डायवर्सन के उपरांत शोधित कर जल संरचना में छोड़ा जाए। जल संरचनाओं को व्यवसाय व रोजगार मूलक बनाने के उद्देश्य से पर्यटन, मत्स्य पालन, सिंघाड़े का उत्पादन जैसी संभावनाओं का स्पष्टत: निर्धारण कर लिया जाए। चिन्हित जल संरचनाओं की मोबाइल ऐप से जियो टैगिंग भी की जाएगी। जल संग्रहण संरचना से निकाली गई मिट्टी एवं खाद का उपयोग स्थानीय कृषकों के खेतों में किए जाने को प्राथमिकता दी जाये। जल संरचनाओं के किनारे पर यथा संभव बफर जोन तैयार किए जाएंगे। इस जोन में अतिक्रमण से बचाने एवं नदी तालाबों के कटावों को रोकने के लिए हरित क्षेत्र पार्क का विकास जैसे कार्य किए जाएंगे। नगरीय क्षेत्र में जल संरचनाओं के जल की गुणवत्ता की जांच भी की जाएगी। जन-जागरूकता के उद्देश्य से 6 जून को प्रत्येक नगरीय निकाय में जल सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। 8 जून को जन भागीदारी से श्रमदान कर जल संरचनाओं की साफ सफाई की जाएगी। 9 जून को जल संरचनाओं के समीप कलश यात्रा का आयोजन किया जाएगा साथ ही 9 जून को ही जल संरक्षण विषय पर निबंध, चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

# गर्भवती महिला के गर्भ में शिशु की मौत

## मारपीट में घायल हुई थी, पीड़िता अस्पताल में भर्ती

**मीडिया ऑडीटर, छतरपुर एजेंसी।** छतरपुर जिले के बमनोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बारों में जमीनी विवाद को लेकर मारपीट में घायल गर्भवती महिला के बच्चे की पेट में मौत हो गई। शिकायत पर थाना पुलिस ने मारपीट का मामला दर्ज कर जांच में जुट गई है। फरियादी घनश्याम पाल 25 वर्षीय निवासी बारों के मुताबिक, उसका गांव के वृंदावन प्रजापति व उसके लड़कों राम प्रसाद और सुदामा प्रजापति से जमीन को लेकर विवाद चलता है।



30 मई को रात 9 बजे के लगभग वह जमीन की ट्रैक्टर से जुताई करने गया था। जहां वृंदावन प्रजापति व उसके दोनों लड़के राम प्रसाद व सुदामा और पत्नी आ गई। उसके साथ गाली–गलौज करते हुए मारपीट पर आमादा हो गए। जब उसे बचाने उसकी 21 वर्षीय गर्भवती पत्नी सीमा पाल आई तो चारों ने एक राय होकर उसकी लात घूंसों से मारपीट कर दी।

जिससे उसके गर्भ में पल रहे 6 माह के बच्चे की मौत हो गई और उसका गर्भ गिर गया। पीड़ित पक्ष की रिपोर्ट पर थाना प्रभारी मनोज गोयल ने तीनों आरोपियों के खिलाफ मारपीट की धाराओं में मामला दर्ज कर घायल महिला व उसके मृत बच्चे को लेकर सीएचसी बड़ामलहरा ले गए। जहां डॉक्टर केपी बामोरिया ने महिला को जिला अस्पताल रेफर कर मृत शिशु का पोस्टमॉर्टम कराया।

जिला अस्पताल में भर्ती महिला के पति घनश्याम पाल ने बताया कि निवासी ग्राम पारो, हमारा खेत गांव के ही व्यक्ति राम प्रसाद प्रजापति के खेत में सीमांकन में निकल रहा था। जिसके बाद पटवारी ने पंचनामा भी दे दिया था। जब हम ट्रैक्टर से खेत जोत रहे थे। राम प्रसाद प्रजापति सुदामा प्रजापति और वृंदावन प्रजापति यह तीनों लोग गाली–गलौज करते हुए मेरे साथ मारपीट करने लगे।

तभी मेरी पत्नी सीमा पाल मुझे बचाने के लिए आए तभी राम राम प्रसाद प्रजापति ने उनको लात मार दी। जिससे पत्नी के पेट में पल रहा 6 मां के बच्चे की गर्भ में ही मौत हो गई। जिसका बड़ा मलहरा अस्पताल में पोस्टमॉर्टम कराया गया और थाने में शिकायत की गई है। इधर, पीड़िता का अभी भी जिला अस्पताल में उपचार जारी है।

# प्रेक्षक एवं रिटर्निंग ऑफिसर ने किया मतगणना स्थल का निरीक्षण

## सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा कर तैयारियों को अंतिम रूप देने के दिए निर्देश

**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** कलेक्टर एवं रिटर्निंग ऑफिसर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 11–सीधी स्वरोचिष सोमवंशी तथा भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षकों अभिषेक कृष्णा (आईएएस) एवं अश्वनी खजूरिया ने आगामी 04 जून को लोकसभा निर्वाचन 2024 के अन्तर्गत 11 सीधी संसदीय क्षेत्र के 04 विधानसभा (चुरहट, सीधी, सिहावल एवं धौहनी) की मतगणना के दृष्टिगत मतगणना स्थल संजय गांधी स्मृति स्नातकोत्तर शासकीय महाविद्यालय (पुराना भवन) सीधी का अवलोकन किया।



रिटर्निंग ऑफिसर तथा प्रेक्षक द्वय ने विधानसभावार बनाये गये मतगणना कक्षों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मतगणना कक्ष में मतगणना टेबल, बैठक व्यवस्था, बेरिकेटिंग, गणना अभिकर्ता की बैठक व्यवस्था, पार्किंग, मोबाइल एवं गेजेट्स चेकिंग, स्ट्रॉन्ग रूम मूवमेंट की सीसीटीवी के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था, मीडिया सेंटर में आवश्यक सुविधाएं, गणना के लिए मतगणना सामग्री, डाक मतपत्रों की गणना, ईवीएम में दर्ज मतों की गणना, वीवीपैट स्लीप गणना, परिणाम की घोषणा के संबंध में आवश्यक दिशा– निर्देश दिए।

उनके साथ मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राहुल धोटे, अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश शाही, संयुक्त कलेक्टर नीलेश शर्मा, उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास प्रिया पाठक, कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवाएं हिमाशु तिवारी सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# प्रेक्षकों की उपस्थिति में मतगणना कर्मियों का रेंडमाइजेशन सम्पन्न



**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी स्वरोचिष सोमवंशी तथा भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षकों अभिषेक कृष्णा (आईएएस) एवं अश्वनी खजूरिया की उपस्थिति में लोकसभा निर्वाचन 2024 के अन्तर्गत 11 सीधी संसदीय क्षेत्र के 04 विधानसभा (चुरहट, सीधी, सिहावल एवं धौहनी) की मतगणना हेतु मतगणना कर्मियों का द्वितीय रेंडमाइजेशन जिला सूचना अधिकारी दशरथ प्रजापति द्वारा किया गया। रेंडमाइजेशन के द्वारा मतगणना कर्मियों को विधानसभा क्षेत्र आवंटित कर दिये गये। तृतीय रेंडमाइजेशन के बाद उन्हें मतगणना टेबल आवंटित की जावेगी। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राहुल धोटे, अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश शाही तथा लायजनिंग अधिकारी उपस्थित रहे।

# ट्रेन से कटकर अज्ञात युवक की मौत

## छाता रेलवे स्टेशन के पास मिला शव, शिनाख्त करने में जुटी पुलिस

**मीडिया ऑडीटर, शहडोल निप्र।** ट्रेन से कटकर एक अज्ञात युवक की मौत हो गई है। घटना की जानकारी बीती रात रेलवे कर्मचारियों ने पुलिस को दी, बुढ़ार पुलिस मामले की जांच कर रही है। छाता रेलवे स्टेशन के समीप एक अज्ञात युवक ट्रेन की चपेट में आ गया जिससे वह कट गया और मौके पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई है।



सोमवार की सुबह जानकारी देते हुए बुढ़ार थाना प्रभारी संजय जायसवाल ने बताया कि छाता रेलवे स्टेशन के पास रेलवे ट्रेक में एक युवक का शव मिला है घटना की जानकारी रेलवे के कर्मचारियों ने पुलिस को दी है, जानकारी लगने के बाद पुलिस घटनास्थल पहुंची और पंचनामा कार्रवाई कर युवक के शव को अपने कब्जे में ले लिया है।

पुलिस ने बताया कि युवक की अभी पहचान नहीं हो सकी है पुलिस आसपास के थाने व आसपास के जिलों में युवक की फोटो डालकर पहचान करने में लगी है, पुलिस ने मामले पर अभी फिलहाल मर्ग कायम किया है वहीं थाना प्रभारी ने बताया कि ट्रेन में यह युवक सवार था या ट्रैक में युवक सुसाइड करने पहुंचा था अभी मामले में जांच चल रही है, रेलवे ने भी अभी इस बात की पुलिस को कोई जानकारी नहीं दी है जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा अभी तो पुलिस मतृयुवक की पहचान करने में लगी है ।

# मीडिया कक्ष में सूचनाओं के आदान-प्रदान के लिए ड्यूटी लगाई गई

**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के अन्तर्गत मतगणना का कार्य 4 जून 2024 को शासकीय संजय गॉधी स्मृति महाविद्यालय के पुराने भवन में किया जाना है। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश शाही ने आदेश जारी कर मीडिया कक्ष प्रभारी के रूप में मुकेश मिश्रा सहायक संचालक जन संपर्क विभाग जिला सीधी को नियुक्त किया गया है तथा इसके सहयोग के लिए कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

जारी आदेशानुसार 4 जून 2024 को प्रात: 06 बजे से मतगणना समाप्ति तक के लिए पंकज कुमार मिश्रा उच्च मा. शिक्षक शा.हा.से.स्कूल पिपरोहर, कृष्ण गिरि उच्च मा. शिक्षक शा.हा.से. स्कूल उपनी, अजय कुमार भृत्य मलेरिया कार्यालय सीधी, नीरज यादव भृत्य नगर पालिका परिषद सीधी एवं शैफअली खान भृत्य जिला जनसंपर्क कार्यालय सीधी की ड्यूटी लगाई गई है।

उपरोक्त अधिकारी एवं कर्मचारी को निर्देशित किया गया है कि निर्धारित समयावधि में उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

# सीईओ जिला पंचायत होंगे सम्पूर्ण मतगणना कार्य प्रभारी

**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत मतगणना का कार्य 4 जून 2024 को समय प्रात: 6 बजे से शासकीय संजय गांधी स्मृति महाविद्यालय के पुराने भवन में किया जाना है।

मतगणना का कार्य सुचारू रूप से सम्पन्न कराये जाने हेतु राहुल नामदेव धोटे मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सीधी को सम्पूर्ण मतगणना कार्य प्रभारी नियुक्त किया गया है तथा इनके सहयोग हेतु कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

जारी आदेशानुसार ब्रम्हानन्द पाण्डेय ब्लॉक समन्वयक जिला पंचायत सीधी एवं राजेश निगम कम्प्यूटर ऑपरेटर जिला पंचायत सीधी की ड्यूटी 4 जून 2024 प्रात: 06 बजे से मतगणना समाप्ति तक ड्यूटी लगाई गई है।

# 48 घंटे में हीट स्ट्रोक से शहडोल में दूसरी मौत

## मंदिर के वृद्ध पुजारी ने तोड़ा दम, पेट में दर्द के बाद पानी पीकर सोए थे



**मीडिया ऑडीटर, शहडोल निप्र।** शहडोल में भी अब हीट स्ट्रोक का असर दिखना शुरू हो गया है। पिछले 48 घंटे के भीतर हीट स्ट्रोक से दूसरी मौत का मामला सामने आया है। एक दिन पहले 2 जून को जहां एक युवती की मौत हो गई थी, वहीं आज एक 65 वर्षीय वृद्ध की मौत की जानकारी सामने आई है।

जानकारी के अनुसार गोहपारु थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पलसऊ निवासी रम्मू यादव पिता मातादीन यादव (65) करीब दो दशक से ग्राम सरसी स्थित मतहा माता मंदिर में पुजारी के रूप में सेवाएं दे रहे थे। 2 जून को उनकी तबीयत अचानक खराब लगने पर वह अपने गांव पलसऊ चले गए।

परिजनों के अनुसार पुजारी ने घर आकर बताया कि पेट में काफी दर्द हो रहा है। इसके बाद वह पानी पीकर सो गए। काफी देर बाद भी जब वह नहीं उठे तो परिजन उन्हें उठाने गए, लेकिन इस बीच पुजारी की मौत हो चुकी थी।

घटना के बाद इसकी जानकारी पुलिस को दी गई। पुलिस ने कागजी कार्रवाई पूर्ण कर शव का पोस्ट मार्टम कराकर उसे परिजनों को सौंप दिया।

**एडवाइजरी जारी की गई**

**हैरू सीएमएचओ:** सीएमएचओ डॉ. एके लाल ने बताया कि शुरुआती रिपोर्ट में हीट स्ट्रोक जैसे लक्षण देखने को मिले हैं। शव का पीएम कराया गया गया है।

विस्तृत रिपोर्ट आने के बाद मौत की मुख्य वजह स्पष्ट हो पाएगी। इस हीट वेव को देखते हुए एडवाइजरी जारी कर लोगों से सावधानी बरतने के लिए कहा गया है।

# मतगणना दिवस की यातायात एडवाइजरी जारी

## कलेक्ट्रेट से जमोड़ी तरफआने जाने वाले समस्त वाहनों स्वामियों के लिए विशेष सूचना

**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** लोकसभा चुनाव 2024 की मतगणना नियत दिनांक 04 जून 2024 को संजय गांधी स्मृति शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सीधी (पुराना भवन) में किया जाना नियत है जिसमें काफी संख्या क्षेत्रीय जन एवं ड्यूटी में लगे अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहेंगे। आम जनमानस के सुविधा को दृष्टिगत रखते हुये 4 जून 2024 को रात्रि 02 बजे से मतगणना समाप्ति तक कलेक्ट्रेट से जमोड़ी तरफएवं जमोड़ी से कलेक्ट्रेट तरफआने जाने वाले समस्त वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध रहेगा।

कलेक्ट्रेट से जमोड़ी तरफ जाने वाले समस्त वाहन अस्पताल तिराहा, गांधी चौक, लालता चौराहा से गोपाल दास रोड होते हुए जमोड़ी तिराहा निकलना सुनिश्चित करेंगे तथा जमोड़ी से कलेक्ट्रेट की तरफ आने वाले समस्त वाहन नया बस स्टैंड जमोड़ी तिराहे से गोपाल दास रोड तरफ से निकलना सुनिश्चित करेंगे तथा भारी एवं मालवाहक वाहन बाईपास का उपयोग करेंगे। कलेक्ट्रेट तरफ से मतगणना स्थल पर जाने वाले प्रत्याशी, उनके प्रतिनिधि, शासकीय कर्मचारी एवं पत्रकार जिनका पास जारी है वे अपने वाहन को कन्या महाविद्यालय ग्राउंड में पार्क कर वहाँ से पैदल मतगणना स्थल तक जाएंगे। जमोड़ी तरफ से मतगणना स्थल पर जाने वाले प्रत्याशी, उनके प्रतिनिधि, शासकीय कर्मचारी एवं पत्रकार जिनका पास जारी है वे सभी अपने वाहन को संजय गाँधी महाविद्यालय ग्राउंड में पार्क कर वहाँ से पैदल मतगणना स्थल तक जायेगे। मधुरी से कलेक्ट्रेट तरफआने जाने वाले लोग कन्या महाविद्यालय की बाउंड्री के बगल वाली रोड का उपयोग करेंगे।

# एसआई दिलीप कुमार का दिल्ली में ड्यूटी के दौरान निधन



**मीडिया ऑडीटर, रीवा निप्र।** जिले के जवा तहसील अंतर्गत बरहुला ग्राम पंचायत के गीजातर निवासी दिलीप कुमार तिवारी का एक जून की रात करीब 8 बजे ड्यूटी के दौरान अचानक न्यू दिल्ली में निधन हो गया। वो केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल में एएसआई के पद पर पदस्थ थे। जिनके शव को गृह ग्राम गीजातर लाया गया। जहां गार्ड ऑफ ऑनर के बाद अंतिम संस्कार किया गया। उनके निधन पर सज्जन तिवारी, सुरेंद्र तिवारी, नरसिंह सेवक, संतोष तिवारी, अशोक तिवारी, देवदत्त तिवारी, राजेश्वर मिश्रा, कुशमेन्द्र सिंह सहित अन्य ने श्रद्धांजलि अर्पित कर शोक संवेदना व्यक्त की है।

# रिटर्निंग ऑफिसर की मतगणना में सहयोग के लिए अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई

**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के अन्तर्गत मतगणना का कार्य 4 जून 2024 को शासकीय संजय गॉधी स्मृति महाविद्यालय के पुराने भवन में किया जाना है।

अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश शाही ने आदेश जारी कर मतगणना दौरान आरओ कक्ष में रिटर्निग आफिसर के कार्यों में सहयोग प्रदाय करने के लिए नीलेश कुमार शर्मा संयुक्त कलेक्टर जिला सीधी एवं सहायक के रूप में डॉ. सुजीत कुमार मिश्रा सहायक परियोजना समन्यवक राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी सीधी एवं अमरेन्द्र मिश्रा कम्प्यूटर ऑपरेटर जिला पंचायत सीधी को नियुक्ति किया गया है।

# कलेक्ट्रेट में किया गया राष्ट्रगीत एवं राष्ट्रगान का गायन



**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** जून माह के कार्य का आगाज राष्ट्रगान एवं राष्ट्रगीत के गायन के साथ अपर कलेक्टर राजेश शाही की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट परिसर में संपन्न हुआ।

इस मौके पर संयुक्त कलेक्टर नीलेश शर्मा सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# काउंटिंग के लिए प्रेक्षक नियुक्त, मतगणना कर्मियों का द्वितीय काउंटिंग रेंडमाइजेशन संपन्न

**मीडिया ऑडीटर, छतरपुर निप्र।** छतरपुर में शासकीय उच्चतर विद्यालय क्रमांक–1 में 4 जून को सुबह 8 बजे से मतगणना शुरू की जाएगी। मतगणना में प्रत्येक विधानसभा वार 16–16 टेबल लगाए जाएंगी। विधानसभा क्षेत्र महाराजपुर, बिजावर, मलहरा की गणना 17 राउंड में पूरी होगी। छतरपुर और चंदला की गणना 16 राउंड और राजनगर की गणना 18 राउंड में संपन्न होगी।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतगणना निगरानी के लिए मतगणना प्रेक्षकों की नियुक्ति की है। प्रेक्षकों से मतगणना संबंधित किसी भी प्रकार की शिकायत के संबंध में संपर्क किया जा सकता है।




विधानसभा क्षेत्र 51 छतरपुर, 49 चंदला, 50 राजनगर (संसदीय क्षेत्र 6 टीकमगढ़, 8 खजुराहो) के लिए नियुक्त मतगणना प्रेक्षक हुमायूं विश्वास मोबाइल नंबर 9434247495, सर्किट हाउस छतरपुर कमरा क्रमांक 1 में ठहरे है व विधानसभा क्षेत्र 48 महाराजपुर, 52 बिजावर, 53 मलहरा (संसदीय क्षेत्र 6 टीकमगढ़, 7 दमोह) के लिए नियुक्त मतगणना प्रेक्षक सुशील प्रताप सिंह मोबाइल नंबर 9453723040, सर्किट हाउस कमरा क्रमांक 2 छतरपुर में ठहरे हैं। प्रेक्षकों से शाम 4 से 5 बजे के बीच सर्किट हाउस में समक्ष में संपर्क किया जा सकता है। साथ ही दूरभाष के माध्यम से भी संपर्क कर सकते हैं।

लोकसभा आम निर्वाचन 2024 अंतर्गत मतगणना के लिए सोमवार को कलेक्ट्रेट छतरपुर स्थित वीसी कक्ष में कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप जी.आर., मतगणना प्रेक्षक हुमायूं विश्वास,सुशील प्रताप सिंह की उपस्थिति में मतगणना कर्मियों का द्वितीय काउंटिंग रेंडमाइजेशन सम्पन्न हुआ। इस दौरान एडीएम व उप जिला निर्वाचन अधिकारी मिलिंद नागदेवे उपस्थित रहे।

# हीट वेव से युवती की मौत

**मीडिया ऑडीटर, शहडोल निप्र।** चिलचिलाती धुप में कार्य स्थल से लौटने के बाद एक युवती की हीट वेव का शिकार हो गई। परिजनों ने उसे उपचार के लिए अस्पताल मे भर्ती कराया गया। जहां रविवार को उसकी मौत हो गई। हीट वेव से मौत का जिले में यह पहला मामला सामने आया है।

गोहपारु थाना क्षेत्र के ग्राम पैलवाह निवासी रिटायर्ड सेवानिवृत शिक्षक व पूर्व जिला योग प्रभारी महेश प्रसाद द्विवेदी की पुत्री आराधना द्विवेदी (23) एक गैर सरकारी संस्थान (एनजीओ) में फील्ड कोआर्डिनेटर के पद में कार्य करती थी।

# विचार

## पाकिस्तान में हिंदू विरासत कैसे बचे?

पश्चिमी पाकिस्तान में हिंदुओं की आबादी आज 2.1 प्रतिशत रह गई है। इसमें भी ज्यादातर हिंदू कराची, सियालकोट और लाहौर में रहते हैं। इनमें भी ज्यादा प्रतिशत दलित और पिछड़ी जातियों के हिंदू हैं, जो गांव में रहते हैं और उनकी आर्थिक हालत काफी कमजोर है। हालांकि भारत सरकार ने बंटवारे के समय पाकिस्तान में रह गए हिंदुओं को भारत आकर बसने और यहां की नागरिकता लेने की प्रक्रिया आसान कर दी है फिर भी अपेक्षा के विपरीत पाकिस्तान में बसे हिंदू भारत आकर बसने को तैयार नहीं हैं क्योंकि वे सदियों से वहीं रहते आए हैं और वही उनकी मातृभूमि है। बंटवारे से पहले पाकिस्तान में रहने वाले हिंदू हर शहर में बसे थे और वे बड़े जमींदार व संपन्न व्यापारी थे। जिन्हें रातों-रात सब कुछ छोड़ कर भारत में शरणार्थी बन कर आना पड़ा। इन हिंदुओं व जैनियों ने पाकिस्तान में अपने आराध्य के एक से एक बढ़ कर मंदिर बनवाए थे जिनकी संख्या 1947 में 428 थी। जो आज घट कर मात्र 20 मंदिर रह गए हैं। इसी तरह पाकिस्तान के पंजाब सूबे में सैंकड़ों गुरुद्वारे थे जो बाद में भारत से गए मुसलमान शरणार्थियों के आशियाने बन गए। वैसे बलूचिस्तान में स्थित हिंगलाज देवी का मंदिर विश्व प्रसिद्ध है। क्योंकि यह 64 शक्तिपीठों में से एक है और यहां सारे वर्ष तीर्थ यात्रियों का आना-जाना लगा रहता है। इसके अलावा कराची की हिंदू आबादी के बीच जो मंदिर हैं वे भी सुरक्षित हैं और उनमें भगवान की नियमित सेवा पूजा और उत्सवों का आयोजन होता रहता है। पर इतनी बड़ी संख्या में मंदिरों और गुरुद्वारों का नष्ट हो जाना एक स्वाभाविक प्रक्रिया थी क्योंकि जब उनमें आस्था रखने वाले लोग ही नहीं रहे तो ये मंदिर और गुरुद्वारे कैसे आबाद रहते? इस स्थिति में बड़ा बदलाव तब आया जब 2011 में पाकिस्तान की सर्वोच्च अदालत के आदेश के बाद पेशावर के ऐतिहासिक गोरखनाथ मंदिर का जीर्णोद्धार पाकिस्तान सरकार द्वारा करवाया गया। इसी तरह कराची में दरियालाल मंदिर का भी जीर्णोद्धार सरकार और भक्तों ने मिलकर किया। 2019 में पाकिस्तान के तत्कालीन प्रधानमंत्री इमरान खां ने घोषणा की थी कि बंटवारे के समय जो 400 मंदिर पाकिस्तान में थे उन सभी का अधिग्रहण करके सरकार उनका जीर्णोद्धार करवाएगी। इसी क्रम में सियालकोट में 1947 से बंद पड़े शिवाला तेजसिंह मंदिर का जीर्णोद्धार भी वहां की सरकार ने करवाया। पाकिस्तान का दुर्भाग्य है कि वहां की फौज लोकतंत्र को सफल नहीं होने देती। इमरान खां अपदस्थ कर दिए गए और उसके साथ ही उनकी यह योजना भी खटाई में पड़ गई। पर पाकिस्तान के पढ़े लिखे मध्यमवर्गीय मुस्लिम समाज में अपनी इन ऐतिहासिक धरोहरों को लेकर नव-जागृति आई है। आप यू-ट्यूब पर अनेक टी.वी. रिपोर्ट्स देख सकते हैं जिनमें इन स्थलों को खोजने और दिखाने में पाकिस्तान के युवा यू-ट्यूबर उत्साह से जुटे हैं। चूंकि भारत और पाकिस्तान के बीच के रिश्ते बहुत मधुर नहीं हैं, इसलिए दुनिया के अन्य देशों विशेषकर यूरोप व अमरीका में रहने वाले संपन्न हिंदुओं को पाकिस्तान में स्थित ऐतिहासिक हिंदू तीर्थ स्थलों का उदारता से जीर्णोद्धार करवाना चाहिए। बशर्ते कि पाकिस्तान की मौजूदा सरकार और स्थानीय लोग इस बात के लिए तैयार हों और इन स्थलों की रक्षा और व्यवस्था की जिम्मेदारी भी लें। इसी क्रम में पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर की नील घाटी में पौराणिक शारदापीठ एक ऐसा तीर्थस्थल है जिसका विकास कश्मीरी पंडित व अन्य हिंदू ही नहीं, नील घाटी में रहने वाले मुसलमान भी करवाना चाहते हैं क्योंकि श्री करतारपुर साहिब कॉरिडोर की तरह विकसित हो जाने पर उन्हें यहां अपनी आर्थिक समृद्धि की असीम संभावनाएं दिखाई देती हैं। भौगोलिक रूप से भी यह तीर्थ भारत की मौजूदा सीमा के परलीपार स्थित है। पाक नियंत्रण वाले इसी कश्मीर के मुजफ्फराबाद जिले की सीमा के किनारे से पवित्र 'कृष्ण-गंगा नदी बहती है। कृष्ण-गंगा नदी वही है जिसमें समुद्र मंथन के पश्चात् शेष बचे अमृत को असुरों से छिपाकर रखा गया था और उसी के बाद ब्रह्मा जी ने उसके किनारे मां शारदा का मंदिर बनाकर उन्हें वहां स्थापित किया था। जिस दिन से मां शारदा वहां विराजमान हुईं उस दिन से ही सारा कश्मीर 'नमस्ते शारदादेवी कश्मीरपुरवासिनी/त्वामहंप्रार्थये नित्यम् विदादानम च देहि में' कहते हुए उनकी आराधना करता रहा है और उन कश्मीरियों पर मां शारदा की ऐसी कृपा हुई कि आष्टांग योग और आष्टांग हृदय लिखने वाले वाग्भट वहीं जन्मे,नीलमत पुराण वहीं रची गई, चरक संहिता, शिव-पुराण, कल्हण की राजतरंगिणी, सारंगदेव की संगीत रत्नकार सबके सब अद्वितीय ग्रन्थ वहीं रचे गए।

# प्रकृति एवं पर्यावरण में जहर घोलने से बढ़ी जानलेवा गर्मी

ललित गर्ग

**लोकसभा चुनाव के प्रचार की गर्मी भले ही समाप्त हो गयी हो लेकिन प्रकृति से जुड़ी गर्मी सौ-डेढ़ सौ वर्षों का रिकार्ड तोड़ते हुए कहर बरपा रही है। दिल्ली का पारा 50 डिग्री से तो ज्यादा ही रहा है। देश के 17 से अधिक शहरों में तापमान उच्चतम स्तर पर चल रहा है। यह एक तरह का प्राकृतिक आपातकाल है। हीटवेव या यों कहें कि लू के थपेड़ों ने जनजीवन को मौत के मुहाने पर खड़ा कर दिया है। लू या हीटवेव या तापघात के कारण देश के विभिन्न हिस्सों में मौत के समाचार भी आ रहे हैं। तस्वीर का एक पहलू यह है कि अभी तक सही मायने में हमारे देश में हीटवेव को डिजास्टर मैंनेजमेंट में पूरी तरह से शामिल नहीं किया गया है। वैज्ञानिक बता रहे हैं कि शहरों में हीट आइलैंड बन रहे हैं, जिसके लिए मुख्य रूप से सीमेंट-तारकोल और कृत्रिम वातानुकूलित (एसीवाली) जीवनशैली जिम्मेदार है। कंक्रीट और तारकोल के जंगलों का विस्तार करने को जब तक हम अपनी जरूरत समझते रहेंगे तब तक हरे-भरे जंगलों को कटने से कोई नहीं रोक सकेगा।**



दुनिया की तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर देश जब तक जीडीपी से विकास को मापेगा, बेहिसाब औद्योगीकरण एवं शहरीकरण की होड़ रहेगी, तब तक पर्यावरण असंतुलन एवं गर्मी का प्रकोप ऐसे ही विनाश का कारण बनता रहेगा। इस बार बढ़ती गर्मी ने सारे रेकॉर्ड तोड़ दिये हैं जो हमारे लिए चौंकाने से ज्यादा गंभीर चिंता की बात है। राजधानी दिल्ली के एक इलाके में अधिकतम पारा 52.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो देश के इतिहास का सबसे ज्यादा तापमान है। राजस्थान के चुरु और फलोदी आदि का पारा तो 50 के आसपास या ऊपर ही चल रहा है। जैसलमेर आदि स्थानों पर गर्मी इतने तेज है कि धरती तवे की तरह तप रही है, लोगों ने पापड़ सेक कर या आमलेट बनाते हुए दृश्य सोशल मीडिया पर दिखाये हैं। पानी की कमी, बिजली कटौती और गर्म लू के कारण बीमारी के हालात गंभीर होते जा रहे है। इतनी तेज गर्मी में पेयजल की उपलब्धता, बिजली की आपूर्ति व ट्रिपिंग की समस्या से निजात पाना मुश्किल हो रहा है। सवाल यह है कि इस भीषण लू या यों कहें कि हीटवेव के लिए बहुत कुछ हम और हमारा विकास का नजरिया भी जिम्मेदार है। आज शहरीकरण और विकास के नाम पर प्रकृति को विकृत करने में हमने कोई कमी नहीं छोड़ी है। पेड़ों की खासतौर से छायादार पेड़ों की अंधाधुंध कटाई एवं गांवों में हो या शहरों में आंख मींचकर कंक्रिट के जंगल खड़े करने की होड़ के दुष्परिणाम प्रकृति एवं पर्यावरण की विकरालता के रूप में सामने हैं। जल संग्रहण के परंपरागत स्त्रोतों को नष्ट करने में भी हमने कोई गुरेज नहीं किया। अब विकास एवं सुविधाओं और प्रकृति के बीच सामंजस्य की और ध्यान देना होगा नहीं तो आने वाले साल और अधिक चुनौती भरे होंगे। कंक्रिट के जंगलों से लेकर हमारे दैनिक उपयोग के अधिकांश साधन एवं विकास की भ्रामक सोच तापमान को बढ़ाने वाले ही हैं। विडंबना यह है कि ग्लोबल वार्मिंग की दस्तक देने के बावजूद विकसित व संपन्न देश पर्यावरण संतुलन के प्रयास करने तथा आर्थिक सहयोग देने से बच रहे हैं। ऐसा नहीं है कि मौसम की मार से कोई विकसित व संपन्न देश बचा हो, लेकिन प्राकृतिक संसाधनों के क्रूर दोहन से औद्योगिक लक्ष्य पूरे करने वाले ये देश अब विकासशील देशों को नसीहत दे रहे हैं। निश्चित रूप से बढ़ता तापमान उन लोगों के लिये बेहद कष्टकारी है, जो पहले ही जीवनशैली से जुड़े रोगों एवं समस्याओं से जूझ रहे हैं। जिनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता असाध्य रोगों की वजह से चूक रही है। ऐसा ही संकट वृद्धों के लिये भी है, जो बेहतर चिकित्सा सुविधाओं व सामाजिक सुरक्षा के अभाव में जीवनयापन कर रहे हैं। वैसे एक तथ्य यह भी है कि मौसम के चरम पर आने, यानी अब चाहे बाढ़ हो, शीत लहर हो या फिर लू हो, मरने वालों में अधिकांश गरीब व कामगार तबके के लोग ही होते हैं। जिनका जीवन गर्मी में बाहर निकले बिना या काम किये बिना चल नहीं सकता। निष्कर्षतः कह सकते हैं कि उन्हें मौसम नहीं बल्कि गरीबी मारती है। जलवायु परिवर्तन का असर अब ज्यादा स्पष्ट तौर पर दिखने लगा है। अगर गर्मी पड़ रही है तो पिछले कई दशक के रिकॉर्ड तोड़ रही है। अगर बारिश हो रही है तो कुछ घंटों में ही पूरे मॉनसून की बरसात के बराबर पानी गिर रहा है। सर्दी भी साल-दर-साल नए रिकॉर्ड बना रही है। कुल मिलाकर हर मौसम अब अप्रत्याशित क्रूरतम रुख दिखा रहा है। वैज्ञानिकों के मुताबिक, अल नीनो और कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन की दोहरी मार के कारण धरती के तापमान में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। इससे धरती पर मौजूद सभी जीव-जंतुओं, वनस्पति और इंसानों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। अनेक लोगों की भीषण गर्मी में जान चली गयी, बिहार की स्कूली छात्राएं बड़ी संख्या में बेहोश हो गयी। इन जटिल स्थितियों को देखते हुए गर्मी के मौसम में काम के घंटों का निर्धारण एवं स्कूलों में गर्मी की छुट्टियों की अवधि मौसम की अनुकूलता के अनुरूप ही होनी चाहिए। आसन्न संकट को महसूस करते हुए दीर्घकालीन रणनीति, इस चुनौती से निपटने के लिये बनाने की जरूरत है। दुनियाभर में अगले 20 साल के भीतर कूलिंग सिस्टम्स यानी एयरकंडीशन की मांग में कई गुना बढ़ी है। सुविधावादी जीवनशैली एवं तथाकथित आधुनिकता ने पर्यावरण के असंतुलन को बेतहाशा बढ़ाया है। तापमान में भी साल-दर-साल बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। जहां तापमान ने नए रिकॉर्ड्स बनाने शुरू कर दिए हैं वहीं, भारी बारिश के कारण बाढ़ के हालात बन रहे हैं। ग्लोबल वार्मिंग के कारण मौसम को लेकर अनिश्चितता बढ़ती जा रही है। सरकारों को नीतिगत फैसला लेकर बदलते मौसम की चुनौतियों को गंभीरता से लेना होगा। समय रहते बचाव के लिये नीतिगत फैसले नहीं लिए गए तो एक बड़ी आबादी के जीवन पर संकट मंडराएगा। यह संकट तीखी गर्मी से होने वाली बीमारियों व लू से होने वाली मौतें ही नहीं होंगी, बल्कि हमारी कृषि एवं खाद्य सुरक्षा श्रृंखला भी प्रभावित होगी। हालिया अध्ययन बता रहे हैं कि मौसमी तीव्रता से फसलों की उत्पादकता में भी कमी आई है। दरअसल, मौसम की यह तल्खी केवल भारत ही नहीं ,वैश्विक स्तर पर नजर आ रही है। एशिया के अलावा यूरोप व अमेरिकी देशों में भी तापमान में अप्रत्याशित बदलाव नजर आ रहा है। सरकारों को मानना होगा कि वैसे तो प्रकृति किसी तरह का भेदभाव नहीं करती मगर सामाजिक असमानता के चलते वंचित समाज इसकी बड़ी कीमत चुकाता है। सरकार रेड अलर्ट व ऑरेंज अलर्ट की सूचना देकर अपने दायित्वों से पल्ला नहीं झाड़ सकती। खासकर ऐसे समय में जब हरियाणा व राजस्थान में पारा पचास पार करके गंभीर चुनौती का संकेत दे रहा है। स्कूल-कालेजों के संचालन, दोपहर की तीखी गर्मी के बीच कामगारों व बाजार के समय के निर्धारण को लेकर देश में एकरूपता का फैसला लेने की जरूरत है। कुछ जगह धारा 144 लागू की गई है, जो इस संकट का समाधान कदापि नहीं है। कभी संवेदनशील भारतीय समाज के संपन्न लोग सार्वजनिक स्थलों में प्याऊ की व्यवस्था करते थे। लेकिन आज संकट यह है कि पानी व शीतल पेय के कारोबारी मुनाफे के लिये सार्वजनिक पेयजल आपूर्ति को बाधित करने की फिराक में रहते हैं। सरकारें भी जल के नाम पर राजनीति करती है। दिल्ली के अनेक इलाकों में बढ़ती गर्मी के साथ जल आपूर्ति एक बड़ी समस्या बनी हुई है। हमारे राजनीतिज्ञ, जिन्हें सिर्फ वोट की प्यास है और वे अपनी इस स्वार्थ की प्यास को पानी से बुझाना चाहते हैं। विभिन्न प्रांतों के बीच का यह विवाद आज हमारे लोकतांत्रिक ताने-बाने को छिन्न-भिन्न कर रहा है, जनजीवन से खिलवाड़ कर रहा है। जीवनदायक वस्तुएं प्रभु ने मुफ्त में दे रखी है। पानी, हवा एवं प्यार और आज वे ही विवादास्पद, दूषित और झूठी हो गयी हैं। इस तरह की तुच्छ एवं स्वार्थ की राजनीति करने वाले नेता क्या गर्मी एवं जल-समस्याओं का समाधान दे पायेंगे?

## चाहे कोई भी जीते, चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा

हर कोई 2024 के चुनाव नतीजों का बेसब्री से इंतजार कर रहा है, जो 4 जून को जारी होंगे। आखिरी चरण का मतदान 1 जून को था। इस बीच, राजनीतिक दल जीत हासिल करना चाहते हैं और दावे-प्रतिदावे कर रहे हैं। कई लोग दांव लगा रहे हैं और भाजपा पसंदीदा है। 'इंडिया' ब्लॉक भी कम संभावनाओं के साथ दौड़ में है। चाहे कोई भी जीते, चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का दावा है यदि वह जीतते हैं तो ऐपेटाइजर और मुख्य भोजन उनके तीसरे कार्यकाल में आएगा। प्रचार के दौरान मोदी ने कहा, ''तीसरे कार्यकाल में बड़े फैसलों का इंतजार करें। मैं पहले से ही एक रोडमैप पर काम कर रहा हूं जो जल्द ही पूरा होगा।'' हालांकि कई पूर्वानुमान मोदी की प्रभावशाली जीत या उनकी पार्टी के सबसे बड़े दल के रूप में उभरने का संकेत दे रहे हैं, लेकिन राजनीतिक परिणाम अभी भी उतार-चढ़ाव में हैं। 2004 में भाजपा के प्रचार के बावजूद यू.पी.ए. ने सरकार बनाई। मोदी का तीसरे कार्यकाल के लिए प्रयास सभी क्षेत्रों में उनकी विरासत को सुरक्षित करने से कहीं अधिक है। यह प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के तीन कार्यकाल के रिकॉर्ड को पार करने का एक साहसिक प्रयास है। हालांकि मोदी ने निस्संदेह महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। सबसे पहले उन्हें अपना अधूरा एजेंडा पूरा करना होगा। इनमें समान नागरिक संहिता लागू करना, 'एक राष्ट्र-एक चुनाव', भारत को तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाना और साहसिक भूमि और श्रम सुधार जारी रखना शामिल है।

# अब सट्टा बाजार और एग्जिट पोल भाजपा के पक्ष में

विजय कुमार

भारी हीट वेव के बीच देश में लोकसभा चुनावों की प्रक्रिया 1 जून को 8 राज्यों की 57 सीटों पर हिंसा, तोड़-फोड़ और वोटिंग मशीनों में खराबी के चलते लोगों की नाराजगी के बीच पूरी हो गई। इन चुनावों के दौरान किसी भी चरण में वर्ष 2019 के चुनावों के आंकड़े के बराबर मतदान नहीं हुआ जिसका कारण प्रचंड गर्मी के मौसम में चुनाव करवाना ही है। लोगों का कहना है कि जब मौसम विभाग ने काफी पहले ही इस वर्ष अधिक गर्मी पडने की चेतावनी दे रखी थी तो चुनाव तिथियों का निर्धारण कुछ आगे-पीछे किया जा सकता था। ऐसे लोग भी सामने आए जिन्होंने मतदान में 'नोटा' का बटन तो नहीं दबाया लेकिन इसलिए मतदान करने नहीं गए कि उनका मानना था कि सभी उम्मीदवार एक जैसे ही हैं जिनसे उन्हें अपनी समस्याएं सुलझने की कोई उम्मीद नहीं। जब लगातार बिजली व पानी जैसी सुविधाएं ही नहीं मिल रहीं तो हम वोट डालने क्यों जाएं? कमर तोड़ महंगाई भी लोगों की मतदान से दूरी का कारण बनी। इन चुनावों में गर्मी के कारण न सिर्फ मतदान करने आए लोगों बल्कि मतदान सम्पन्न करवाने वाले अधिकारियों को भी अपने प्राण गंवाने पड़े। 31 मई को ही बिहार में 14 और उत्तर प्रदेश में 18 मतदान



अधिकारियों की मौत हो गई। 2019 में चुनाव आयोग ने 3475 करोड़ रुपए की नकद राशि और नशीली दवाएं जब्त की थीं, जबकि इस बार अब तक के 75 वर्ष के इतिहास में सर्वाधिक अवैध रकम तथा वस्तुएं जब्त की हैं। 18 मई, 2024 तक नशीले पदार्थों व नकदी आदि सहित कुल 8889 करोड़ रुपए मूल्य की वस्तुएं जब्त की गईं। पंजाब में 30 मई तक कुल 801.87 करोड़ रुपए की नकदी एवं वस्तुएं जब्त की गईं। इस बार पंजाब और चंडीगढ़ में उम्मीदवारों ने वोट खरीदने के लिए लोगों को 10, 20 और 100 मूल्य वाले नोट 'कूपनों' की तरह बांटे, जिन्हें निर्धारित दुकानदारों को पेश करके उन्होंने उनके बदले में तयशुदा वस्तुएं प्राप्त कीं। जब कोई व्यक्ति उक्त नोट लेकर वैंडर के पास जाता तो वैंडर उस नोट के नम्बर का उम्मीदवार द्वारा दी गई नोटों की सूची के नम्बर से मिलान करके उन्हें उसके बदले में वस्तुएं (राशन, उपहार, शराब आदि) दे देता था। कई जगह उम्मीदवारों द्वारा वोट खरीदने के लिए पंखे व कूलर बांटने के भी समाचार हैं। सट्टा बाजार में भावी सरकार को लेकर अटकलें शुरू हो गई हैं व अधिकांश सट्टा बाजारों ने भाजपा के पक्ष में अनुमान व्यक्त किया है। राजस्थान में फालोदी के सट्टा बाजार ने भाजपा गठबंधन को 290-300 सीटें दी हैं। मुम्बई के सट्टा बाजार के अनुसार भाजपा को अकेले 295 से 305 सीटें तथा कांग्रेस को 55 से 65 सीटें मिल सकती हैं। पालनपुर सट्टा बाजार ने राजग को 247 (भाजपा 216) , इंडिया को 225 (कांग्रेस 112), करनाल सट्टा बाजार ने राजग को 263 (भाजपा 235) और इंडिया को 231 (कांग्रेस 108), बेलगाम सट्टा बाजार ने राजग को 265 (भाजपा 223), इंडिया को 230 (कांग्रेस 120), इंदौर सर्राफा ने राजग को बहुमत तथा भाजपा को 260, इंडिया को 231 (कांग्रेस 108), कोलकाता सट्टा बाजार ने राजग को 261 (भाजपा 218), इंडिया को 228 (कांग्रेस 128), विजयवाड़ा सट्टा बाजार ने राजग को 252 (भाजपा 224) तथा इंडिया को 237 (कांग्रेस को 121) सीटें दी हैं। मतदान समाप्त होते ही एग्जिट पोल भी आ गए हैं जिनमें भाजपा नीत राजग गठबंधन का ही पलड़ा भारी बताया जा रहा है तथा इसे प्रचंड बहुमत मिलने का अनुमान भी व्यक्त किया गया है। रिपब्लिक टी.वी.-मैट्रीज ने भाजपा नीत राजग को 353 से 368, इंडिया को 118-133, रिपब्लिक टी.वी.-पी मार्क ने राजग को 359, इंडिया को 154, 'जन की बात' ने राजग को 362-392, इंडिया को 141-161, इंडिया टी.वी.-सी.एन.एक्स. ने राजग को 371-401 तथा इंडिया को 109-139 सीटें दी हैं। न्यूज 24-टुडेज चाणक्य ने राजग को 400, इंडिया को 107,न्यूज नेशन ने राजग को 342 से 378, इंडिया को 153-169, इंडिया न्यूज-डी डायनैमिक ने राजग को 371 व इंडिया गठबंधन को 125 सीटें मिलने का अनुमान जताया है।

उल्लेखनीय है कि 2019 के चुनाव में भाजपा ने 303 सीटें जीती थीं जबकि राजग की संख्या 353 थी। कांग्रेस को 53 और उसके सहयोगियों को 38 सीटें मिली थीं। मल्लिकार्जुन खरगे ने 1 जून को इंडिया गठबंधन की बैठक के बाद दावा किया है कि यह गठबंधन 295 से अधिक सीटें जीतेगा। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि ये अनुमान कितने सही साबित होते हैं और सत्ता किसकी झोली में आती है।

## भारत में वाहन दुर्घटनाओं का कहर' 'सड़कें हो रहीं खूनो-खून'

विश्व में सड़क दुर्घटनाओं में मरने वालों में अत्यधिक वृद्धि हुई है और इनमें से भी प्रत्येक 5 में से 1 मौत भारत में होने के कारण भारत को सड़क दुर्घटनाओं की राजधानी भी कहा जाने लगा है जिनमें परिवारों के परिवार तबाह हो रहे हैं। स्थिति की गंभीरता मात्र पिछले 12 दिनों की निम्न चंद घटनाओं से स्पष्ट है =

* 18 मई को मध्य प्रदेश के शाजापुर जिले में केदारनाथ से दर्शन करके लौट रहे श्रद्धालुओं की कार मवेशियों से टकराने से बचाने की कोशिश में पलट जाने से उसमें सवार 2 महिलाओं की मौत व 11 अन्य घायल हो गए।

* 23 मई को मध्य प्रदेश के इंदौर से चारधाम यात्रा के लिए आए तीर्थ यात्रियों की बस समराला के निकट एक ट्राले से टकरा जाने से 2 महिला श्रद्धालुओं की मौके पर ही मौत हो गई।

* 24 मई को उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर से माता वैष्णो देवी के दर्शनों को जा रहे श्रद्धालुओं की मिनी बस दिल्ली-जम्मू हाईवे पर दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से एक ही परिवार के 7 सदस्यों की मौत और 20 लोग घायल हो गए।
* 24 मई को ही कर्नाटक के श्रद्धालुओं को लेकर अयोध्या आ रही एक मिनी बस के अयोध्या-प्रयागराज हाईवे पर एक ट्रक से टकरा जाने के कारण 3 श्रद्धालुओं की मौत और 14 घायल हो गए। * 25 मई को जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में एक कार के सड़क से फिसल जाने से पंजाब के 4 पर्यटकों की मौत तथा 3 घायल हो गए। * 26 मई रात को राजस्थान के श्रीगंगानगर जिले के राजसर में एक सड़क दुर्घटना में एक कार और ट्रक की टक्कर में एक दम्पति और उनकी 7 वर्ष की बेटी के अलावा एक अन्य व्यक्ति की मौत हो गई। * 26 मई को ही उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर में सीतापुर से उत्तराखंड में मां पूर्णागिरि के दर्शनों को जा रहे श्रद्धालुओं की बस पर तेज गति से आ रहा डम्पर पलट जाने से 11 श्रद्धालुओं की मौत हो गई।

* 26 मई को ही हिसार के सैक्टर 27-28 मोड़ के निकट ट्रक से बचने के प्रयास में लड़की का रिश्ता करने आए परिवार की कार पलट जाने से कार सवार दम्पति और 2 भाइयों सहित 5 लोगों की जान चली गई।

* 28 मई को ही अलमोड़ा में एक सड़क दुर्घटना में रुड़की के एक परिवार के 3 सदस्यों की मृत्यु हो गई।

# छत्तीसगढ़ में गर्मी से अब तक 16 मौतें

## सुकमा में गाज गिरने से 26 मवेशी मरे, सरगुजा, सूरजपुर और मनेंद्रगढ़ में तेज बारिश

**मीडिया ऑडीटर, छत्तीसगढ़ एजेंसी।** नौतपा खत्म होने के बावजूद पारा तो नीचे गया है, लेकिन छत्तीसगढ़ में गर्मी से राहत नहीं मिल रही है। अब दुर्ग जिले में एक युवक की मौत हो गई। इसके साथ ही प्रदेश में मौत का आंकड़ा 16 पहुंच गया है। सबसे ज्यादा बिलासपुर में 10 लोगों ने गर्मी और लू से दम तोड़ा है। बिलासपुर सहित 5 जिलों में हीटवेव का यलो अलर्ट जारी किया गया है।






वहीं सरगुजा जिले में मौसम का मिजाज बदला है।? यहां करीब एक घंटे से रुक-रुक कर बारिश हो रही है।? सूरजपुर और मनेन्द्रगढ़ जिले में बारिश से लोगों को गर्मी से राहत मिली है। सुकमा में सोमवार दोपहर तेज आंधी और बारिश के साथ मौसम ने करवट ली। इसके चलते लोगों को गर्मी से तो राहत मिली है। कोंटा ब्लॉक के पोलमपल्ली में आकाशीय बिजली गिरने से 26 मवेशियों की भी जान चली गई।

रायपुर समेत प्रदेश के कई जिलों में आज बारिश की संभावना है। अगले 5 दिन बस्तर संभाग में अंधड़ चलने और हल्की बारिश के आसार हैं। इससे पहले रविवार को तिल्दा 45.5 डिग्री सेल्सियस के साथ प्रदेश में सबसे गर्म रहा।

**आज भी गर्मी और हीटवेव की चेतावनी:** मौसम विभाग ने आज बिलासपुर, मुंगेली, कोरबा, जांजगीर-चांपा, कबीरधाम जिले में गर्मी और हीटवेव का यलो अलर्ट जारी किया है। अगले 5 दिनों तक अधिकतम तापमान में कोई विशेष बदलाव की संभावना नहीं है। मौसम विभाग ने अगले 5 दिन बस्तर संभाग के जिलों में अंधड़ चलने और हल्की बारिश के आसार हैं।

**आज यहां बारिश के आसार:** मौसम विभाग के मुताबिक आज रायपुर, बलौदा बाजार, गरियाबंद, धमतरी, महासमुंद, दुर्ग, बालोद, राजनांदगांव, बस्तर, कोंडागांव, दंतेवाड़ा, सुकमा, कांकेर, बीजापुर और नारायणपुर जिले में हल्की बारिश के आसार हैं।

**कुछ सिस्टम बने, जिससे आ रही नमी:** प्रदेश में पश्चिम भारत से गर्म हवा आ रही है। तेज गर्मी के कारण स्थानीय प्रभाव से कहीं-कहीं कम दबाव का क्षेत्र बन रहा है। इससे बारिश के हालात भी बनने लगे हैं। मौसम विभाग के अनुसार अगले पांच दिन राज्य के कई हिस्सों में बादल और बारिश के हालात रहेंगे। कुछ जगह बौछारें भी पड़ेंगी।

**पिछले 24 घंटे के दौरान ऐसा रहा मौसम:** पिछले 24 घंटे के दौरान जगदलपुर, नारायणपुर, मैनपाट, रायगढ़ और पुसौर में बारिश हुई। पेंड्रा रोड और अंबिकापुर में भी कहीं-कहीं पर बौछारें पड़ीं। अन्य जगहों पर भी हल्की बूंदाबांदी हुई। रविवार को दोपहर में जगदलपुर में करीब नौ मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई प्रदेश में सभी जगहों पर नमी की मात्रा बढ़ गई है। इस वजह से दिन का तापमान भी कम होने लगा है।

रायपुर में अधिकतम तापमान 43 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। यह सामान्य से 0.6 डिग्री ज्यादा है। बिलासपुर में 42.4, पेंड्रारोड और अंबिकापुर में करीब 41 डिग्री और अन्य जगहों पर यह 40 डिग्री के आसपास है।

**बिलासपुर संभाग में अब तक 10 मौतें:** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में नौतपा के आखिरी दिन भी भीषण गर्मी रही। इस दौरान हीटवेव से 2 लोगों की मौत हो गई। वहीं संभाग में अब तक 10 लोगों की जान जा चुकी है। कई जगहों पर बारिश के चलते पिछले 3 दिन में जिले में तापमान 6 डिग्री सेल्सियस तक नीचे गिर गया है, फिर भी लोगों को गर्मी से राहत नहीं मिल पाई।

## मतगणना कर्मचारियों का हुआ द्वितीय रेण्डमाईजशन



**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी निप्र।** आज भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त काउंटिंग ऑब्जर्वर कैलाश सुखदेव पगारे की उपस्थिति में द्वितीय रेंडमाइजेशन का कार्य सीजी एसडब्ल्यूसी गोदाम चौनपुर स्ट्रांग रूम में किया गया। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 अंतर्गत 04 जून 2024 को होने वाली मतगणना हेतु सीजीएसडब्ल्यूसी गोदाम चौनपुर स्ट्रांग रूम में मतगणना कर्मचारियों का द्वितीय रेंडमाइजेशन किया गया। रेंडमाइजेशन के समय कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डी. राहुल वेंकट, पुलिस अधीक्षक चन्द्रमोहन सिंह, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अनिल सिदार, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 01 भरतपुर -सोनहत एआरओ मूल चंद चोपड़ा, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 02 मनेंद्रगढ़ लिंगराज सिदार, ईवीएम नोडल अधिकारी प्रवीण कुमार भगत, डीआईओ अभिजीत कौशिक सहित मतगणना अधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान काउंटिंग ऑब्जर्वर कैलाश सुखदेव पगारे ने पत्रकारों के लिए मीडिया सेंटर, वाहन पार्किंग, बैरीकेट, मतगणना में आने वाले कर्मचारियों एवं एजेंटों के आने जाने वाले रूट की जानकारी ली।

## चोरी करते पकड़ाया तो बकरे को मार डाला

### बकरे के मिमयाने की आवाज सुनकर पहुंचा किसान, तभी दबा दिया मुंह और गला

**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर एजेंसी।** बिलासपुर में चोरी करते पकड़े जाने के डर से एक युवक ने बकरे का गला दबाकर मार दिया। बताया जा रहा है कि किसान बकरियों को चराने लेकर गया था, तभी आरोपी युवक बकरे को चोरी कर ले जाने लगा। इस दौरान बकरा मिमयाने लगा, जिससे युवक ने बकरे का मुंह और गला दबा दिया, इस दौरान आवाज सुनकर किसान पहुंचा, तब आरोपी बकरे को छोड़ कर भाग निकला। इस मामले की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। घटना बेलगहना चौकी क्षेत्र की है।

**बकरियां नदी किनारे चर रही थी:** दरअसल, ग्राम बड़े बरर में रहने वाले नासिर खान किसान है। शुक्रवार को वह अपनी बकरियों को लेकर अरपा नदी के किनारे पोड़ी घाट जंगल लेकर गया था। दोपहर में उसकी बकरियां नदी किनारे चर रही थी।

**बकरे को चोरी कर लेकर जा रहा था युवक:** इस दौरान एक बकरे को पकड़ कर सल्का नवागांव निवासी पोड़िया धनुहार लेकर जा रहा था, तभी नासिर खान को बकरे के मिमयाने की आवाज आई। वह दौड़कर बकरे के पास पहुंचा, तब पोड़िया बकरे की मुंह और गला दबा दिया था, ताकि वह चिल्ला न पाए। नासिर के पहुंचने पर वह बकरे को छोड़कर जंगल की ओर भाग निकला। किसान ने कुछ दूर जंगल में उसे दौड़ाया। लेकिन वह नहीं मिला।

**बकरे की हो गई मौत:** इधर, नासिर बकरे के पास आया तब वह बेहोश मिला। छूकर देखने से पता चला कि बकरे की मौत हो गई है इसके बाद किसान ने इस घटना की शिकायत बेलगहना चौकी में की। इस पर पुलिस ने जुर्म दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## भिलाई के सीमेंट फैक्ट्री में इंजीनियर की हत्या

### कोल हैंडलिंग प्लांट के इंचार्ज ने अपने साथियों के साथ मिलकर मार डाला, आरोपी पुलिस हिरासत में

**मीडिया ऑडीटर, भिलाई एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले के भिलाई में एक निजी सीमेंट फैक्ट्री के अंदर कोल हैंडलिंग प्लांट के एचओडी बालराजू राव (50) की हत्या हो गई है। बताया जा रहा है कि यह हत्या सीपीसी के इंचार्ज संजय तिवारी और उसके साथियों ने की है। जिन्हें पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। मामला जामुल थाना क्षेत्र का है। उसके परिजन पूर्व आर्मीमैन लक्ष्मण राव ने बताया कि, बालराजू राव रोज की तरफ ड्यूटी पर गया था। उसका पिछले कुछ दिनों से कोयले की किल्लत को लेकर सीपीसी के इंचार्ज संजय तिवारी से विवाद चल रहा था। कोयले की कमी के चलते सीमेंट प्लांट भी दो दिन से बंद था। उन्होंने कहा कि, बालराजू काम का अधिक लोड होने पर संजय तिवारी पर काम सही से करने का दबाव बनाया था। इसी





बात को लेकर उसने अपने साथियों के साथ मिलकर उसकी हत्या कर दी।

**पुलिस को जानकारी दिए बिना अस्पताल पहुंचाया शव:** पुलिस के मुताबिक, हत्या सीपीसी प्लांट के पीछे गैलरी में सुबह 8-9 बजे के बीच हुई है। इस मामले की जानकारी कंपनी प्रबंधन को दे दी गई है। प्रबंधन ने मामले की जानकारी पुलिस को दिए बिना ही शव को सीधे सुपेला अस्पताल पहुंचा दिया। वहां डॉक्टरों ने बालराजू को मृत घोषित कर दिया। इस मामले में जब सीमेंट प्लांट के एचआर हेड धर्मेश शर्मा से बात की गई, तो उन्होंने कुछ भी बोलने से मना कर दिया। उन्होंने कहा कि, उनके कर्मचारी की मौत हुई है, लेकिन यह हत्या है या दुर्घटना इस बारे में वो कुछ भी नहीं बता सकते।

**पत्नी की पहले हो चुकी है मौत, बच्चियों के सिर से उठा पिता का साया:** बालराजू राव की पत्नी की कैंसर के चलते दो साल पहले ही मौत हो चुकी है। उनकी दो बेटियां हैं। उनकी परवरिश पिता ही कर रहे थे। उनकी दोनों बेटियां मां की मौत के सदमे से अभी पूरी तरह उभरी भी नहीं थी कि सिर से पिता का साया उठ गया है।

## मतगणना की तैयारियां पूर्ण 4 को प्रात: 8 बजे शुरू

### मतगणना स्थल में तीन लेयरों में होगी सुरक्षा व्यवस्था

**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी निप्र।** लोकसभा निर्वाचन 2024, संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 04 कोरबा अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र 01 भरतपुर-सोनहत एवं 02 मनेन्द्रगढ़ के मतगणना हेतु सीजीएसडब्लूसी गोदाम चौनपुर मनेन्द्रगढ़ को निर्धारित किया गया है। मतगणना प्रारंभ प्रातः 08:00 बजे से किया जाएगा। मतगणना हेतु भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा कैलाश सुखदेव पगारे को मतगणना आब्जर्वर नियुक्त किया गया है। आब्जर्वर की निगरानी, जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशन एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारी विधानसभा क्षेत्र 01 भरतपुर-सोनहत एवं 02 मनेन्द्रगढ़ के उपस्थिति में आज द्वितीय रेण्डमाईजेशन उपरांत मतगणना कार्य हेतु गणना पर्यवेक्षक, गणना सहायक एवं माईक्रोआब्जर्वर की नियुक्ति तथा सीलिंग एवं अन्य कार्य हेतु अधिकारियों, कर्मचारियों के दायित्व का निर्धारण कर तैयारी पूरी कर ली गई है। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विधानसभा क्षेत्र 01 भरतपुर-सोनहत के मतगणना कार्य हेतु 21 टेबल में 15 राउण्ड तथा विधानसभा क्षेत्र 02 मनेन्द्रगढ़ हेतु 14 टेबल में 12 राण्उड में मतगणना होना संभावित है।

प्रत्येक टेबल में गणना पर्यवेक्षक, गणना सहायक एवं माईक्रोआब्जर्वर के द्वारा मतगणना कार्य किया जाएगा। मतगणना स्थल में बिना परिचय पत्र के प्रवेश की अनुमति नहीं दी जावेगी। परिसर के अंदर किसी भी प्रकार के डिवाईस, मोबाईल फोन, ब्लूटूथ, आई पेड, लेपटॉप, स्मार्ट वॉच, कैमरा, इलेक्ट्रानिक गैजेट, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा ले जाना प्रतिबंधित है। स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था तीन लेयरों रखी गयी है। मतगणना हॉल में पास धारी अभ्यर्थियों, निर्वाचन अभिकर्ताओं, मतगणना अभिकर्ताओं को मतगणना हॉल पर कोरा कागज, मतपत्र लेखा प्रारूप 17 सी भाग-1 की प्रति, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर से प्राप्त ई.व्ही.एम. एवं व्ही.व्ही.पीएटी की सूची जो लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्रों में प्रयोग लायी गई है, ही ले जाने की अनुमति होगी।

## स्पोर्ट्स सेंटर और होटल में भीषण आग

### अंबिकापुर में होल-सेल दुकान की पांचों मंजिल जलकर खाक, 4.30 घंटे बाद पाया गया काबू

**मीडिया ऑडीटर, सरगुजा एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर में आकाशवाणी चौक के पास चोपड़ापारा स्थित स्पोर्ट्स सेंटर और राधेकृष्णा होटल में लगी आग पर साढ़े चार घंटे बाद काबू पा लिया गया है। हालांकि पूरी तरह से आग बुझाने में 1 से दो घंटे और लग सकते हैं। अब आग फैल नहीं रही है। स्पोर्ट्स सेंटर का सारा सामान जलकर खाक हो गया है वहीं, होटल की तीसरी, चौथी और पांचवीं मंजिल भी पूरी तरह जल गई है। ये आग सोमवार सुबह करीब 9 बजे लगी थी। जिसके बाद सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीमें मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने की कोशिश शुरू की। हादसे में करीब 3 करोड़ रुपए के नुकसान का अनुमान है। शॉर्ट सर्किट से लगी आग ने स्पोर्ट्स सेंटर और होटल की पांचों मंजिल को अपनी चपेट में ले लिया था। फायर ब्रिगेड




गाड़ियों के पानी का फोर्स ज्यादा नहीं होने के कारण पानी पांचवीं मंजिल तक ले जाने में काफी दिक्कत हुई। यही वजह है यहां आग अब तक जल रही है। इसमें दरिमा एयरपोर्ट की फायर ब्रिगेड को भी लगाया गया है।

**सोमवार सुबह करीब 9 बजे आग लगी:** जानकारी के मुताबिक, चोपड़ापारा में जैन मंदिर के पीछे संचालित संजय सिंह के स्पोर्ट्स सेंटर और राधेकृष्णा होटल में सोमवार सुबह करीब 9 बजे आग लगी। होटल और स्पोर्ट्स सेंटर के ठीक सामने से गुजरे बिजली के तार टूट गए। शॉर्ट सर्किट से आग फैली और स्पोर्ट्स सेंटर तक फैल गई। दुकान में रखे स्पोर्ट्स के प्लास्टिक, रबर और लकड़ी का सामान आग के दायरे में आ गया। इसके बाद आग भयावह हो गई।

**फायर ब्रिगेड की टीमों ने कड़ी मशक्कत के बाद पाया काबू:** हादसे की सूचना पर फायर ब्रिगेड की टीमें जब तक पहुंचीं, तब तक आग स्पोर्ट्स सेंटर से बगल में स्थित राधेकृष्णा होटल में भी फैल गई। आग से होटल में रखे फर्नीचर के साथ ही इलेक्ट्रॉनिक सामान जलकर खाक हो गया। फायर ब्रिगेड की गाड़ियों में पानी का फोर्स नहीं होने के कारण आग पर काबू नहीं पाया जा सका। 11 बजे तक स्पोर्ट्स सेंटर, होटल की पांचवीं मंजिल और पिछले हस्से तक आग पहुंच गई। आखिरकार साढ़े चार घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया है।

**पीछे की दीवार तोड़ी गई:** फायर ब्रिगेड ने होटल और स्पोर्ट्स सेंटर के पिछले हिस्से में पहुंचने के लिए पीछे की दीवार तोड़कर पहुंच मार्ग बनाया। फायर ब्रिगेड की कई टीमें आग पर काबू पाने में जुटी रहीं। आग के कारण उठ रहे धुएं के गुबार को कई किलोमीटर दूर से देखा जा सकता था। आसपास के इलाके धुएं से घिर गए थे।

**लोगों को सुरक्षित जगहों पर पहुंचाया गया:** होटल के बगल में ही मिल्टन की होलसेल की दुकान और आवासीय घर भी हैं। आग फैलने की आशंका को देखते हुए लोगों को सतर्क कर घरों से निकालकर सुरक्षित जगहों पर पहुंचा दिया गया था। फायर ब्रिगेड के वाहनों के पानी का प्रेशर दो मंजिलों तक ही पहुंच पा रहा था। जबकि आग दोनों संस्थानों की पांचवीं मंजिल तक पहुंच चुकी थी।

**3 करोड़ से अधिक के नुकसान का अनुमान:** स्पोर्ट्स दुकान होलसेल की बड़ी दुकान है। जहां स्पोर्ट्स और फिटनेस की मशीनरी दुकान में भरी हुई थी। सिर्फ इसी दुकान में ही करीब 2 करोड़ से अधिक का सामान बताया जा रहा है। इस तरह कुल मिलाकर करीब तीन करोड़ से ज्यादा के नुकसान का अनुमान है।

## प्रयास आवासीय विद्यालयों में कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा 9 को

**एमसीबी निप्र।** शैक्षणिक सत्र 2024-25 में प्रयास आवासीय विद्यालयों के कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा 09 जून 2024 (दिन रविवार) को प्रातः 11:00 से दोपहर 02:00 तक (3 घंटे) निर्धारित परीक्षा केन्द्र शासकीय उ.मा.वि. बेलबेहरा, विकासखण्ड मनेन्द्रगढ़, जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर (छ.ग.) में आयोजित किया जाना निर्धारित किया गया है। चयन परीक्षा के लिए कक्षा 09वीं के लिए जिन विद्यार्थियों का फार्म स्वीकार किया गया है वे एकलव्य वेबसाईट पर जाकर अपने आवेदन क्रमांक एवं अपने अभिभावक के मोबाईल नंबर की सहायता से अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते है एवं जिन विद्यार्थियों का फार्म रिजेक्ट किया गया है वे अपने आवेदन क्रमांक एवं अपने अभिभावक के मोबाईल नंबर की सहायता से रिजेक्ट होने के कारण जान सकते है। पात्र अभ्यर्थी अपना प्रवेश पत्र संबंधित विकासखण्ड कार्यालय, एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पोंडीडीह, जमथान से भी प्राप्त कर सकते हैं।

## पति ने पत्नी को काट डाला

### पहले दोनों पैर अलग किए, फिर सिर पर कुल्हाड़ी धंसा दी, बीवी पर था अफेयर का शक



**मीडिया ऑडीटर, मनेंद्रगढ़ एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के मनेंद्रगढ़-भरतपुर-सोनहत जिले में एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी के दोनों पैर काट दिए, फिर सिर पर कुल्हाड़ी मारकर हत्या कर दी। बताया जा रहा है कि कुल्हाड़ी महिला के सिर पर ही धंसी हुई थी। रविवार देर रात 2 बजे वारदात को अंजाम दिया गया। घटना केल्हारी थाना क्षेत्र के ग्राम सोकोबरा की है। जानकारी के मुताबिक आरोपी अपनी पत्नी के चरित्र पर शक करता था। इसी बात को लेकर दोनों के बीच जमकर विवाद हुआ। विवाद के बाद पत्नी घर से बाहर आंगन में निकली। गुस्से में पति भी कुल्हाड़ी लेकर पीछे-पीछे आया और पत्नी को काट डाला।

**चरित्र शंका को लेकर होता रहता था विवाद:** ग्राम सोकोबरा निवासी महा सिंह उर्फ बंटी (23 वर्ष) को शक था कि उसकी पत्नी चंद्रावती (22 वर्ष) का किसी से अफेयर चल रहा है। इस बात को लेकर दोनों के बीच अक्सर झगड़े होते थे। रविवार रात को भी दोनों के बीच इसी बात को लेकर विवाद हुआ था,। इस दौरान चंद्रावती गुस्से में घर से बाहर निकलकर आंगन में आ गई।

गुस्से में लाल महा सिंह भी उसके पीछे-पीछे आ गया। इसके बाद तैश में आकर उसने कुल्हाड़ी से पहले चंद्रावती के दोनों पैर काटे इसके बाद सिर पर जोरदार वार किया। जिससे कुल्हाड़ी सिर में धंस गई। पति-पत्नी के विवाद के बीच परिवार का कोई नहीं आया।

**पत्नी को काटकर भाग निकला, पुलिस कर रही तलाश:** घटना की सूचना मृतका चंद्रावती के ससुर और आरोपी के पिता ब्रजभान सिंह ने केल्हारी थाने में दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। मनेंद्रगढ़ एसडीओपी ए टोप्पो ने बताया कि शुरुआती जांच में हत्या की वजह चरित्र शंका ही सामने आ रही है। फिलहाल पुलिस आरोपी महा सिंह की तलाश कर रही है।

## 2 करोड़ की लागत से बना साइकिल ट्रैक जर्जर, रायपुर में साइकलिंग की जगहों पर ठेले-गुमटी वालों का कब्जा, रेलिंग तक गायब

**मीडिया ऑडीटर, रायपुर निप्र।** रायपुर के गौरव पथ में बना साइकिल ट्रैक रखरखाव और मेंटेनेंस के कारण जर्जर हो गया है। 2018 में स्मार्ट सिटी ने करीब 2 करोड़ रुपए खर्च कर गौरव पथ में साइकिल ट्रैक बनाया था। अब हालत यह है कि, ट्रैक में साइकिल चलाने की जगह पर लोग गाड़ी पार्क कर रहे हैं और ठेले गुमटी लगाते हैं। साइकिल ट्रैक पर अतिक्रमण के साथ ही कचरा और मलबा भी वहीं छोड़ दिया जाता है। इससे ट्रैक की पेंटिंग भी खराब हो गई है। इसके अलावा ट्रैक को सुरक्षित करने के लिए लगाई गई रेलिंग भी पूरी तरह गायब है। आज तक नगर निगम या स्मार्ट सिटी लिमिटेड के अधिकारियों ने इस पर कोई कार्रवाई नहीं की है। रेलिंग गायब होने पर थाने में भी कोई रिपोर्ट दर्ज नहीं है।

**साइकिल स्टैंड भी सूने:** प्रोजेक्ट के तहत लोगों को साइकिलिंग के प्रति जागरूक करने के लिए स्मार्ट सिटी ने साइकिल स्टैंड भी बनाए। शेयरिंग साइकिल प्लान के तहत शहर में विवेकानंद आश्रम से लेकर यूनिवर्सिटी तक तीन जगहों पर स्टैंड बनाए गए। यहां करीब 100 साइकिल रखी गई जहां से कोई भी आधे घंटे के लिए तीन रुपए की दर से साइकिल किराए पर ले जा सकता था। देख रेख के अभाव में साइकिल स्टैंड भी पूरी तरह से सूने हो गए हैं।

**साइकिल प्रेमी चाहते हैं शहर में ट्रैक:** रायपुर शहर में आज 5 बाइसिकल ग्रुप हैं, जिनमें बड़ी संख्या में सदस्य हैं। लोगों का कहना है कि साइकिल ट्रैक नहीं होने के कारण सड़क पर साइकिल चलाना खतरे से खाली नहीं है। लोग तेज रफ्तार में गाड़ी चलाते हैं, ऐसे में कई बार साइकिल चलाने वाले लोग हादसे का शिकार हो जाते हैं। 2 करोड़ रुपए की लागत से बने साइकिल ट्रैक पर भी दोपहिया गाड़ियां और भारी वाहन चल रहे हैं।




**उप नेता प्रतिपक्ष ने उठाए सवाल:** रायपुर नगर निगम उपनेता प्रतिपक्ष मनोज वर्मा ने कहा कि ट्रैक पर लोग गाड़ी पार्क कर रहे हैं। साइकिल चलाने के नाम पर वहां कुछ नहीं है। शहर को देखने वाला कोई नहीं है, ना अधिकारी ना बड़े जनप्रतिनिधि। जब प्रमोद दुबे महापौर थे तब वह अपने जन्मदिन के मौके पर साइकिल ट्रैक पर साइकिल चलवाते थे। पिछले 5 सालों से देखने में आया है, महापौर एजाज ढेबर ने कभी साइकिल ट्रैक की कभी सुध ली। हमारे शहर के लिए दुख का विषय है कि साइकिल प्रेमियों के लिए ऐसी जगह, जहां वे सुरक्षित साइकिल चला पाते थे, वह आज बंद हो गई है।

**क्या कहना है निगम कमिश्नर का:** रायपुर नगर निगम कमिश्नर अबिनाश मिश्रा का कहना है कि साइकिल ट्रैक स्मार्ट सिटी की पुरानी योजना थी। इसे कंपनी ने राइडर नहीं मिलने के कारण बंद कर दिया। वहीं साइकिल ट्रैक प्रयोग के तौर पर शुरू किया गया था। अब शहर में ई-साइकिल शुरू करने की योजना है। इसके लिए कुछ कंपनियों से बातचीत चल रही है।

**इसलिए बनाया गया था ट्रैक:** प्रमोद दुबे जब महापौर थे तब शहर की आबोहवा को प्रदूषण से मुक्त कराने के लिए साइकिलिंग को काफी प्रमोट किया गया। हर माह की 3 तारीक को नो व्हीकल डे भी घोषित किया गया था, लेकिन अब साइकिल ट्रैक को जैसे निगम ने ही भुला दिया है। बीते 5 सालों से साइकिल ट्रैक पर पेंट तक नहीं हुआ है।

# मालदीव इजराइली नागरिकों की एंट्री पर बैन लगाएगा



**मालदीव ( एजेंसी )।** मालदीव की मुइज्जू सरकार ने इजराइल-गाजा युद्ध में फिलिस्तीन का समर्थन किया है। सरकार ने देश में पासपोर्ट के नियमों में बदलाव करते हुए इजराइली पासपोर्ट पर प्रतिबंध लगाने का फैसला किया है। फैसला लागू होने के बाद इजराइली नागरिक मालदीव में प्रवेश नहीं कर पाएंगे। रविवार (2 जून) को मालदीव के गृह मंत्री अली इहुसन ने कहा कि इजराइली पासपोर्ट वालों के मालदीव में प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने के लिए कानूनी संशोधन करने का फैसला किया गया है। कैबिनेट ने इस प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए एक विशेष समिति का भी गठन किया है। इस कमेटी में देश के सीनियर अफसर और नेता शामिल हैं। वहीं, इजराइल ने अपने नागरिकों के लिए चेतावनी जारी कर कहा है कि वे मालदीव न जाएं। जो लोग वहां मौजूद हैं वो जल्द से जल्द वहां से निकल जाएं।

**इजराइली एंबैसी ने कहा- मालदीव नहीं, भारत जाएं:** इस बीच भारत में मौजूद इजराइली एबैंसी ने एक पोस्ट कर इजराइली टूरिस्टों से मालदीव की जगह भारत की यात्रा करने की अपील की है। इजराइली एबैंसी ने लिखा है- चूंकि अब मालदीव ने इजराइली टूरिस्ट्स पर प्रतिबंध लगा दिया है। ऐसे में वे भारत के कुछ खूबसूरत और अद्भुत समुद्री तटों पर जा सकते हैं जहां पर इजराइली टूरिस्ट्स का गर्मजोशी से और बेहद आतिथ्य सत्कार के साथ स्वागत किया जाता है। इजराइली एबैंसी अपनी पोस्ट में लक्षद्वीप, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, गोवा और केरल की कुछ तस्वीरें भी लगाई हैं। इजराइली विदेश मंत्रालय ने भी अपने नागरिकों से मालदीव की यात्रा न करने का निर्देश दिया है।

**माले में 1 महीने से हो रहे इजराइल के खिलाफ प्रदर्शन:** इसके अलावा कैबिनेट ने फिलिस्तीनियों के लिए फंड जुटाने और फिलिस्तीन के समर्थन के लिए मुस्लिम देशों के साथ चर्चा करने का भी फैसला किया है। साथ ही %मालदीव फिलिस्तीन के साथ% रैली भी आयोजित की जाएगी। गृह मंत्री अली इहुसन ने कहा- हमारा लक्ष्य फिलिस्तीन के साथ एकजुटता दिखाना है। दरअसल, मालदीव की राजधानी माले शहर में लगभग एक महीने से गाजा और अन्य कब्जे वाले फिलिस्तीनी क्षेत्रों में इजराइली हमलों के खिलाफ लोग सड़कों पर प्रदर्शन कर रहे हैं। मालदीव के लोग इजराइली नागरिकों के देश में प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने की लंबे समय से मांग कर रही थी।

**हर साल 15 हजार इजराइली टूरिस्ट मालदीव आते हैं:** मालदीव में हर साल अलग-अलग देश से दस लाख से अधिक टूरिस्ट आते हैं, जिसमें से 15 हजार टूरिस्ट इजराइली नागरिक होते हैं। मालदीव की अर्थव्यवस्था भी टूरिज्म पर निर्भर करती है, इसके बावजूद मालदीव ने इजराइली नागरिकों की एंट्री पर बैन लगाया है।

# ईरान में रईसी की जगह लेने उतरीं कट्टरपंथी महिला उम्मीदवार

## विरोधियों को फांसी देने की हिमायती; मॉर्डन वेपन्स की शौकीन हैं जोहरेह इलाहियन



**ईरान ( एजेंसी )।** ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी की पिछले महीने 19 मई को एक हेलीकॉप्टर हादसे में मौत हो गई थी। उनके निधन के बाद देश नये राष्ट्रपति के चुनाव के लिए 28 जून को मतदान होने वाले हैं ईरानी मीडिया के मुताबिक अब तक करीब 40 उम्मीदवारों ने इब्राहिम रईसी की जगह लेने के लिए रजिस्ट्रेशन कराया है। इसमें पूर्व राष्ट्रपति महमूद अहमदीनेजाद, पूर्व ङ्कक्रत्रष्ट कमांडर वाहिद हघानियान, सुप्रीम नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल के पूर्व सचिव सईद जलीली भी शामिल हैं। हालांकि इसमें एक और नाम है जिसकी खूब चर्चा हो रही है। पूर्व महिला सांसद जोहरेह इलाहियन (57) एक मात्र महिला उम्मीदवार हैं जिन्होंने पूर्व राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी की जगह लेने के लिए दावेदारी पेश की है। अगर वो इस पद के लिए चुनी जाती हैं तो ईरान के इतिहास में पहली बार होगा जब कोई महिला राष्ट्रपति बनेगी।

**कनाडा ने इलाहियन पर लगा रखा है प्रतिबंध:** इलाहियन हिजाब की कट्टर समर्थक हैं। कनाडा सरकार ने इसी साल मार्च में उनपर प्रतिबंध लगा दिया क्योंकि वह ईरान के खिलाफ प्रदर्शन कर रही महिलाओं के लिए वह मौत की सजा का समर्थन करती हैं। इलाहियन पेशे से एक डॉक्टर हैं और दो बार सांसद रह चुकी हैं। वह संसद की नेशनल सिक्योरिटी एंड फॉरेन पॉलिसी कमेटी की मेंबर भी रह चुकी हैं। वह अपने कट्टर विचारों के लिए जानी जाती हैं ।राष्ट्रपति पद के लिए रजिस्ट्रेशन कराने के बाद अपने भाषण में इलाहियन ने भ्रष्टाचार से लड़ने का संकल्प लिया और 'मजबूत सरकार, मजबूत अर्थव्यवस्था और मजबूत समाज' का नारा दिया।

**प्रिंसेस लतीफा पर बयान देकर चर्चा में आई थीं इलाहियन:** साल 2018 में संयुक्त अरब अमीरात की प्रिंसेस लतीफा अपने एक फ्रेंच मित्र की मदद से श्व से भाग गई थीं। हालांकि उन्हें भारतीय सीमा के पास पकड़ लिया गया था और वापस उनके देश भेज दिया गया था। इसके कुछ सालों बाद श्व प्रिंसेस लतीफा ने अपने आप को बंधक बनाए जाने का दावा किया था। लतीफा का कहना था कि उनके साथ बुरा व्यवहार किया जा रहा है और एक जेलनुमा विला में रखा जा रहा है। इस पर इलाहियन ने लतीफा को ईरान आने की सलाह दी थी। इलाहियन ने कहा था कि वे अगर ईरान आती हैं तो उन्हें इस्लामिक रूल के तहत आजादी से जीने का अधिकार मिलेगा।

# विपक्ष चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित करने के प्रयासों का सबूत दे-मुख्य निर्वाचन आयुक्त कुमार



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने सोमवार को विपक्ष को चुनौती दी कि वे उन आरोपों के सबूत साझा करें जिनमें कहा गया है कि निर्वाचन अधिकारियों और जिलाधिकारियों को चुनाव प्रक्रिया को दूषित करने के लिए प्रभावित किया गया था, ताकि आयोग उनके खिलाफ कार्रवाई कर सके। कुमार ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि विपक्ष को मतगणना शुरू होने से पहले चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित करने की कोशिश करने वालों के बारे में भी आयोग को बताना चाहिए। प्रेस कॉन्फ्रेंस में उनके साथ निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार और एस.एस. संधू भी मौजूद थे। कुमार ने कहा, आप अफवाह फैलाकर सभी को संदेह के घेरे में नहीं ला सकते। उन्होंने विपक्ष पर कटाक्ष करते हुए कहा कि आयोग ने चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित करने के किसी भी विदेशी प्रयास से निपटने के लिए तैयारी की थी, लेकिन ये आरोप देश के भीतर से ही आए हैं। जिलाधिकारियों को प्रभावित किए जाने के आरोपों पर आपत्ति जताते हुए मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा, आरोप लगाने वालों को बताना चाहिए कि किस जिलाधिकारी को प्रभावित किया गया और हम उन्हें दंडित करेंगे। मतगणना प्रक्रिया शुरू होने से पहले उन्हें हमें बताना चाहिए।

# झूठे आरोपों पर चुनाव आयोग बोला- शक का इलाज नहीं



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा, हम पर झूठे आरोप लगाए गए। हमें लापता जेंटलमेन कहा गया, लेकिन इसी दौरान देश में वोटिंग का वर्ल्ड रिकॉर्ड बन गया। यह हमारे लोकतंत्र की ताकत है। लोकसभा चुनाव की काउंटिंग से एक दिन पहले सोमवार को सीईसी ने यह बात प्रेस कॉन्फ्रेंस में कही। राजीव कुमार ने कहा, हमने फेक न्यूज रोकी, लेकिन खुद पर होने वाले हमले नहीं रोक पाए। कांग्रेस नेता जयराम रमेश के आरोपों का जवाब देते हुए कहा- शक का इलाज तो हकीम लुकमान के पास भी नहीं है। कांग्रेस नेता ने शनिवार को कहा था- शाह ने 150 कलेक्टरों को धमकाया है। पहली बार चुनाव के बाद होने वाली हिंसा रोकने के लिए संवेदनशील जगहों पर पैरामिलिट्री फोर्स तैनात रखने का फैसला किया गया है। आंध्र प्रदेश और पश्चिम बंगाल जैसी जगहों पर यह फोर्सेस पोस्ट पोल वॉयलेंस रोकेंगी। ऐसा पहली बार हुआ है।

# दिल्ली जल संकट मामला-सुप्रीम कोर्ट ने 6 जून तक मांगी रिपोर्ट



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को अपर यमुना रिवर बोर्ड से कहा कि दिल्लीवासियों के सामने आने वाले पानी संकट के मद्देनजर सभी संबंधित राज्यों की एक आपात बैठक पांच जून को आयोजित कर छह जून तक शीर्ष अदालत में पानी आपूर्ति से संबंधित स्थिति रिपोर्टर पेश करें। न्यायमूर्ति पी के मिश्रा और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की अवकाशकालीन ने दिल्ली सरकार की याचिका पर संबंधित पक्षों की संक्षिप्त दलीलें सुनने के यह आदेश पारित किया। पीठ ने केंद्र सरकार का पक्ष रख रहे सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से कहा कि पांच जून को बोर्ड की बैठक आयोजित करें, क्योंकि चार जून को लोकसभा चुनावों की मतगणना है।

मेहता ने पीठ के समक्ष दिल्ली सरकार पर पानी बर्बाद करने का आरोप लगाते हुए कहा कि बोर्ड बैठक कर अतिरिक्त पानी की व्यवस्था कर सकता है, लेकिन राष्ट्रीय राजधानी को आपूर्ति किए जाने वाले पानी का लगभग 50 फीसदी से अधिक अपव्यय को रोकना चाहिए।

शीर्ष अदालत के समक्ष अपना पक्ष रखते हुए हिमाचल प्रदेश ने कहा कि वह हरियाणा के माध्यम से दिल्ली में पानी लाने वाली नहरों के जरिए अपना अतिरिक्त पानी दिल्ली को देने के लिए तैयार है।

# ब्रह्मोस के पूर्व इंजीनियर निशांत अग्रवाल को उम्रकैद

**नागपुर ( एजेंसी )।** महाराष्ट्र की नागपुर डिस्ट्रिक्ट कोर्ट ने सोमवार (3 जून) को पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी ढ्ढस्ढ्ढ के लिए जासूसी करने वाले ब्रह्मोस एयरोस्पेस प्राइवेट लिमिटेड के पूर्व सीनियर सिस्टम इंजीनियर निशांत अग्रवाल को उम्रकैद की सजा सुनाई है। शुरुआती जांच में सामने आया था कि निशांत कोड गेम्स के जरिए ब्रह्मोस मिसाइल से जुड़ी जानकारी ढ्ढस्ढ्ढ को भेजा करता था। अग्रवाल को अप्रैल 2023 में बॉम्बे हाईकोर्ट की नागपुर पीठ ने जमानत दी थी।

# पूरी उम्मीद है कि नतीजे एग्जिट पोल के बिल्कुल विपरीत होंगे-सोनिया गांधी



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** लोकसभा चुनाव के लिए मतदान 1 जून को संपन्न हुआ, अब सभी की निगाहें 4 जून पर हैं, जब चुनाव परिणाम घोषित किए जाएंगे। एग्जिट पोल के मुताबिक, एनडीए गठबंधन को 371-401 सीटें मिलने का अनुमान है, जबकि इंडिया ब्लॉक 109-139 सीटें हासिल कर सकता है। अन्य दलों को 28-38 सीटों पर कब्जा करने की उम्मीद है. सभी राजनीतिक दल उत्साहपूर्वक अपनी जीत का दावा कर रहे हैं, जो एक उच्च प्रत्याशित परिणाम के लिए मंच तैयार कर रहा है। वहीं, कांग्रेस नेता सोनिया गांधी हमें इंतजार करना होगा। बस, इंतज़ार करो और देखो। हमें पूरी उम्मीद है कि एग्जिट पोल जो कह रहे हैं, हमारे नतीजे उसके बिल्कुल विपरीत होंगे। समाजवादी पार्टी के प्रवक्ता फखरुल हसन चांद ने कहा, भारत गठबंधन सरकार बनाने जा रहा है क्योंकि लोगों ने हमें अपना समर्थन दिया है हसन चांद ने कहा, एग्जिट पोल कल गलत साबित होंगे। उधर भाजपा और चुनाव आयोग ने एक लंबा चुनाव आयोजित किया। गर्म मौसम के बावजूद, सभी राजनीतिक दलों और 140 करोड़ लोगों ने लोकतंत्र के उत्सव में भाग लिया। भारतीय ब्लॉक ने अपनी पूरी ताकत और सभी दलों के साथ एकता के साथ चुनाव लड़ा।

# अमूल के बाद मदर डेयरी ने बढ़ाए दूध के दाम




**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** अमूल के बाद अब मदर डेयरी ने भी दूध के दाम में बढ़ोतरी की है। कंपनी ने 3 जून से दूध के दाम दो रुपए प्रति बढ़ा दिए हैं। इस बढ़ोतरी के बाद अब मदर डेयरी के फुल क्रीम दूध की कीमत 68 रुपए प्रति लीटर हो गई है, जबकि टोंड दूध की कीमत 54 रुपए से बढ़ाकर 56 रुपए प्रति लीटर कर दी गई है। मदर डेयरी ने डेयरी किसानों से कच्चे दूध की कंपनी की खरीद लागत में इजाफे को कीमतों में बढ़ोतरी का जिम्मेदार ठहराया। मदर डेयरी ने कहा है कि पिछले कुछ महीनों में दूध की खरीद के लिए अधिक कीमत चुकाने के बावजूद हमने नहीं बढ़ाए थे। इसके अलावा, पूरे देश में गर्मी से दूध उत्पादन पर और असर पड़ने की संभावना है। अमूल ने भी आज यानी 3 जून से दूध के दाम 2 रुपए प्रति लीटर बढ़ा दिए हैं। गुजरात को-ऑपरेटिव मिल्क मार्केटिंग फेडरेशन ने कहा है कि अमूल गोल्ड, अमूल शक्ति और अमूल फ्रेश की कीमतों में बढ़ोतरी की गई है।

# मणिपुर में घर एक मंजिल तक बाढ़ में डूबे



**इम्फाल ( एजेंसी )।** बांग्लादेश और भारत के पश्चिम बंगाल सहित नॉर्थईस्ट के राज्यों में तूफान रेमल ने जमकर तबाही मचाई। मणिपुर में सबसे ज्यादा हालात खराब हैं। तूफान के नदियां उफान पर आ गईं। 28 मई से कई इलाके बाढ़ की चपेट में हैं। रेस्क्यू टीमों ने यहां 1500 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया है। इंफाल और नम्बुल में जिन नदियों में उफान आया, अब उनका जलस्तर काफी कम हो गया है, लेकिन इलाकों में भरा पानी की स्तर कम नहीं हुआ है। इसके कारण हजारों लोग घरों में फंसे हुए हैं। राहत लगातार प्रयास कर रही हैं। हालांकि इंफाल और नम्बुल नदियों में जल स्तर काफी कम हो गया है, लेकिन कई इलाके अभी भी पानी में डूबे हुए हैं। ऐसे में लोगों को राहत सामग्री उपलब्ध कराने, फंसे हुए लोगों का रेस्क्यू और मेडिकल ऐड पहुंचाने में 37 असम राइफल्स और एनडीआरएफ की 3 टीमें जुटी हुई हैं। 24/7 ये टीमें लगातार काम में जुटी हुई हैं। एनडीआरएफ कमांडर अशोक पटेल ने जानकारी देते हुए कहा कि इंफाल नगरम इलाके में 37असम राइफल्स की टीमें एनडीआरएफ कर्मियों के साथ 24 घंटे रेस्क्यू ऑपरेशन में लगी हुई हैं। हम लगातार मदद मांगने वालों के कॉल आ रहे हैं। उनकी मदद के लिए तुरंत ही किसी ना किसी टीम को रवाना कर दिया जाता है। तीनों टीमें अलर्ट मोड हैं।

# अकासा एयर और इंडिगो की फ्लाइट में बम की अफवाह

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** आकासा एयर की दिल्ली-मुंबई फ्लाइट और इंडिगो की चेन्नई-कोलकाता फ्लाइट में सोमवार (3 जून) को बम की सूचना मिली। आकासा एयर की फ्लाइट को अहमदाबाद डायवर्ट किया गया है। इसमें एक बच्चा और 6 क्रू मेंबर्स सहित 186 पैसेंजर्स सवार थे। एयरलाइन के प्रवक्ता ने बताया कि दिल्ली से मुंबई के लिए उड़ान भरने के बाद फ्लाइट में सिक्योरिटी अलर्ट मिला था। इसके बाद सुबह 10ऱ्13 बजे अहमदाबाद के सरदार वल्लभभाई पटेल इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर फ्लाइट की सेफ लैंडिंग कराई गई। अभी जांच की जा रही है। दूसरी तरफ, चेन्नई से कोलकाता जाने वाला इंडिगो का विमान बम की अफवाह के कारण दो घंटे लेट हो गया। अधिकारियों ने बताया कि थुरैपक्कम स्थित इंडिगो कॉल सेंटर में एक कॉल आया था, जिसमें कहा गया कि चेन्नई-कोलकाता फ्लाइट में बम धमाका होगा। तब तक पैसेंजर्स फ्लाइट में बैठ चुके थे। सभी को नीचे उतारा गया। फ्लाइट को आइसोलेशन-बे में ले जाकर तलाशी ली गई। हालांकि, जांच में कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। सभी सुरक्षा प्रक्रिया पूरी होने के बाद फ्लाइट सुबह 10.30 बजे कोलकाता के लिए रवाना हुई।

# रिजल्ट के बाद मनीष बाहर होंगे ऑन बेल?



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** अरविंद केजरीवाल ने अपनी अंतरिम जमानत की अवधि समाप्त होने के बाद वापस सरेंडर कर दिया है। दूसरी तरफ शराब नीति मामले में कथित मनी लॉन्ड्रिंग घोटाले के सिलसिले में दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम और आप नेता मनीष सिसोदिया द्वारा दायर जमानत याचिका पर सुप्रीम कोर्ट कल सुनवाई करेगा। दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा सिसोदिया द्वारा दायर अंतरिम और नियमित जमानत याचिका दोनों को खारिज करने के बाद, उन्होंने शीर्ष अदालत का रुख किया। जस्टिस अरविंद कुमार और जस्टिस संदीप मेहता की अवकाश पीठ इस मामले की सुनवाई करेगी। अक्टूबर 2023 में शीर्ष अदालत ने दिल्ली शराब नीति मामले में सिसोदिया की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। यह याद किया जा सकता है कि सुप्रीम कोर्ट ने अक्टूबर 2023 में सिसोदिया की जमानत खारिज करते हुए कहा था कि अगर मुकदमा लंबा खिंचता है और अगले तीन महीनों में धीमी गति से आगे बढ़ता है तो वह ट्रायल कोर्ट के समक्ष नई जमानत याचिका दायर कर सकते हैं। सिसोदिया ने अपनी बीमार पत्नी की देखभाल के लिए ट्रायल कोर्ट में एक नियमित जमानत याचिका और एक अंतरिम जमानत याचिका दायर की थी। हालाँकि, ट्रायल कोर्ट ने दोनों याचिकाओं को खारिज कर दिया और माना कि सिसोदिया मामले में जानबूझकर देरी कर रहे थे, और आरोपी व्यक्तियों द्वारा मामले में देरी करने के सभी प्रयासों के बावजूद, मामले में मुकदमा लंबा खिंचने या आगे बढ़ने के बारे में नहीं कहा जा सकता है। निचली अदालत की न्यायाधीश न्यायमूर्ति कावेरी बावेजा ने सिसौदिया की नियमित और अंतरिम जमानत याचिका खारिज कर दी थी और कहा था कि सिसौदिया व्यक्तिगत रूप से और विभिन्न आरोपियों के साथ बार-बार कोई न कोई आवेदन दायर कर रहे हैं/मौखिक दलील दे रहे हैं। इसके बाद सिसौदिया ने ट्रायल कोर्ट के आदेश को हाई कोर्ट में चुनौती दी। दिल्ली उच्च न्यायालय ने 21 मई को कथित दिल्ली शराब नीति घोटाले में ईडी और सीबीआई मामलों में दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया द्वारा दायर जमानत याचिका को खारिज कर दिया।

# गर्मी के कारण 30 जून तक बंद हुए सभी आंगनवाड़ी केंद्र



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** दिल्ली में भीषण गर्मी के मद्देनजर अधिकारियों ने 1 जून 2024 से 30 जून 2024 तक सभी आंगनवाड़ी केंद्रों को बंद करने का फैसला किया है। इस सक्रिय कदम का उद्देश्य उन बच्चों और गर्भवती और स्तनपान कराने वाली माताओं के स्वास्थ्य और कल्याण की रक्षा करना है जो विशेष रूप से अत्यधिक गर्मी की स्थिति के प्रति संवेदनशील हैं। पोषण संबंधी सहायता प्रदान करने में आंगनवाड़ी केंद्रों की महत्वपूर्ण भूमिका को पहचानते हुए, महिला और बाल विकास मंत्री कैलाश गहलोत ने आधिकारिक ट्वीट के माध्यम से इस विकास की घोषणा की। दिल्ली में चल रही भीषण गर्मी को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है कि दिल्ली के सभी आंगनवाड़ी केंद्र 1 जून 2024 से 30 जून 2024 तक बंद रहेंगे। बच्चों और गर्भवती व स्तनपान कराने वाली माताओं की सुरक्षा और भलाई के लिए, पूरक पोषण खाद्य पदार्थ सीधे टेक होम राशन (टीएचआर) के माध्यम से लाभार्थियों के दरवाजे पर पहुंचाए जाएंगे, जिसमें 3-6 वर्ष की आयु के बच्चे भी शामिल हैं, जिन्हें आमतौर पर केंद्रों पर गर्म पका हुआ भोजन मिलता है। मैंने सचिव, महिला एवं बाल विकास को आदेश का अनुपालन सुनिश्चित करने और दैनिक आधार पर रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। भीषण गर्मी के कारण शेखपुरा, बेगूसराय, पूर्वी चंपारण और अन्य क्षेत्रों से छात्रों के बेहोश होने की घटनाएं सामने आई हैं।

# जांच एजेंसी ने के कविता पर लगाए गंभीर आरोप, आप नेताओं को 292 करोड़ रुपये की रिश्वत दी

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के कविता ने कथित तौर पर तथाकथित साउथ ग्रुप के सदस्यों और आप नेताओं के साथ मिलकर 292.8 करोड़ रुपये की रिश्वत देने और अब खत्म हो चुकी दिल्ली शराब नीति से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में अनुचित लाभ प्राप्त करने की साजिश रची, यह बात प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने इंडिया टुडे को एक्सक्लूसिव तौर पर मिली चार्जशीट में कही है। जांच एजेंसी ने दावा किया कि कविता ने साजिश रचकर और इंडो स्पिरिट्स के गठन के जरिए 292.8 करोड़ रुपये की अपराध की आय के सृजन, अधिग्रहण और उपयोग में भाग लिया, जो साजिश और रिश्वत के भुगतान के परिणामस्वरूप प्राप्त हुई थी। ईडी की चार्जशीट में कहा गया है, इंडो स्पिरिट्स को एक वास्तविक व्यावसायिक इकाई के रूप में दिखाकर और 292.8 करोड़ रुपये की अपराध की आय प्राप्त करके, वह अपराध की आय को एक वैध व्यवसाय से वास्तविक लाभ के रूप में पेश करने में शामिल है। जांच एजेंसी ने आरोप लगाया कि बीआरएस नेता ने अपने सहयोगी अभिषेक बोइनपल्ली के नाम पर इंडो स्पिरिट्स से 5.5 करोड़ रुपये की आपराधिक आय भी प्राप्त की। इसमें दावा किया गया कि के कविता ने सरकारी अधिकारियों को उनके बिचौलियों के माध्यम से रिश्वत देकर 1,100 करोड़ रुपये की आपराधिक आय अर्जित करने में भाग लिया है, साथ ही कहा कि उसने कथित तौर पर आपराधिक आय को सरकारी अधिकारियों तक पहुंचाने में भाग लिया। ईडी के अनुसार, कविता ने मामले में अपनी भूमिका और संलिप्तता को छिपाने के लिए सबूत और अपने मोबाइल फोन की सामग्री को मिटा दिया। इसमें कहा गया कि बीआरएस नेता ने जांच के लिए नौ फोन पेश किए जो सभी फॉर्मेट किए गए थे और उनमें कोई डेटा नहीं था। ईडी ने दावा किया कि पूछताछ के दौरान कविता टालमटोल करती रही और फॉर्मेट किए गए फोन के लिए कोई स्पष्टीकरण नहीं दे सकी।

ईडी ने अपने आरोपपत्र में कहा कि कविता मामले में गवाहों को प्रभावित करने के कृत्यों में भी शामिल थी ।जांच एजेंसी ने आरोप लगाया, के कविता के चार्टर्ड अकाउंटेंट बुची बाबू ने अपने बयान में खुलासा किया कि बीआरएस नेता के एक सहयोगी से 23 फरवरी और 28 फरवरी को ईडी को दिए गए उनके खिलाफ बयान वापस लेने के लिए कहा जा रहा था।

## विराट कोहली ने रचा इतिहास, इस मामले में की फुटबॉलर नेमार की बराबरी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली को विश्वभर में क्रिकेट के हर फॉर्मेट में शानदार बल्लेबाजी के लिए जाना जाता है। यही वजह है कि उनके फैन फॉलोइंग भी बहुत बड़ी मात्रा में है। अब कोहली ने टी20 वर्ल्ड कप 2024 में अपने पहले मैच भारत और आयरलैंड मुकाबले से पहले इतिहास रच दिया है। कोहली अब ट्विटर पर 18वें सबसे ज्यादा फॉलो किए जाने वाले व्यक्ति बने गए हैं। विराट कोहली ने भारत के एकमात्र ऐसे व्यक्ति हैं जिनके ट्विटर पर सबसे ज्यादा फॉलोअर्स हैं। कोहली के इस समय ट्विटर पर सबसे ज्यादा फॉलोअर्स वाले व्यक्ति एलन मस्क हैं जो खुद एक्स के मालिक हैं। जबकि भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विराट कोहली ट्विटर पर सबसे ज्यादा फॉलो किए जाने वाले टॉप 20 व्यक्तियों में शामिल दो एशियाई हैं।

विराट कोहली ने टी20 वर्ल्ड कप में अब तक खेले 27 मैच की 25 पारियों में 1141 रन बनाए हैं। इस दौरान उनका औसत 81.50 और स्ट्राइक रेट 131.30 का रहा है। विराट कोहली के नाम टी20 वर्ल्ड कप में 14 अर्धशतक हैं। टी20 वर्ल्ड कप में अब तक बनाए 1141 रन में से 518 रन विराट ने रन चेज में बनाए हैं। ये टी20 वर्ल्ड कप में विराट कोहली का ओवरऑल आंकड़ा है।

## छह जून के मैच के बाद खिलाड़ियों का करियर बदल सकता है-स्टिमक

**कोलकाता (एजेंसी)।** भारतीय फुटबॉल टीम के कोच इगोर स्टिमक ने रविवार को कहा कि कुवैत के खिलाफ आगामी फीफा विश्व कप क्वालीफायर बहुत बड़ा मुकाबला है जिससे उनके खिलाड़ियों का करियर बदल सकता है। भारत फीफा विश्व कप क्वालीफायर के दूसरे दौर के घरेलू चरण के मैच में साल्ट लेक स्टेडियम में कुवैत से भिड़ेगा और फिर 11 जून को कतर से उसकी सरजमीं पर भिड़ेगा। भारतीय टीम गुवाहाटी में अपनी सरजमीं पर हुए मैच में निचली रैंकिंग पर काबिज अफगानिस्तान से हार गयी थी। लेकिन फिर भी भारत पहली बार 2026 विश्व कप के क्वालीफायर के तीसरे दौर में प्रवेश कर सकता है। स्टिमक ने अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) से कहा, ''यह बड़ा मुकाबला है। इस मैच से खिलाड़ियों का करियर बदल सकता है। मैं चाहता हूं कि वे अपने खेल का लुत्फ उठायें और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करें। '' मार्च में अफगानिस्तान से हुई दो भिड़ंत में भारत को केवल एक अंक मिला था

## अमेरिका ने केनेडा को सात विकेट से हराकर शीर्ष स्तर की क्रिकेट में शानदार शुरुआत की

**डलास (एजेंसी)।** आरोन जोन्स की 40 गेंद पर खेली गई नाबाद 94 रन की पारी की मदद से सह मेजबान अमेरिका ने टी20 विश्व कप के उद्घाटन मैच में कनाडा को 14 गेंद शेष रहते हुए सात विकेट से हराकर शीर्ष स्तर की क्रिकेट में धमाकेदार शुरुआत की। कनाडा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 5 विकेट पर 194 रन बनाए। अमेरिका ने इसके जवाब में एंड्रीज गौस के 65 रन और जोन्स की तूफानी पारी की मदद से 17.4 ओवर में तीन विकेट पर 197 रन बनाकर जीत दर्ज की। जोन्स ने अपनी पारी में 10 छक्के और चार चौके लगाए। न्यूयॉर्क में जन्में जोन्स ने जहां आक्रमक बल्लेबाजी करके प्रभावित किया वहीं गौस ने भी बेहतरीन पारी खेली। अमेरिका ने 42 रन तक दो विकेट गंवा दिए थे इसके बाद गौस ने जिम्मेदारी संभाली। उन्होंने अपनी पारी में सात चौके और तीन छक्के लगाए। जोन्स और गौस ने तीसरे विकेट के लिए 131 रन की साझेदारी की जिससे अमेरिका आसानी से लक्ष्य हासिल करने में सफल रहा। इससे पहले नवनीत धालीवाल (61) और आरोन जॉनसन (23) ने कनाडा को आक्रामक शुरुआत दिलाई। इसके बाद निकोलस किर्टन ने 31 गेंदों में 51 रन बनाकर उसे चुनौतीपूर्ण स्कोर तक पहुंचाया। मुंबई में जन्मे बाएं हाथ के स्पिनर हरमीत सिंह ने छठे ओवर में जॉनसन को आउट करके टूर्नामेंट का पहला विकेट लिया। उनकी जगह लेने के लिए उतरे परगट सिंह भी केवल पांच रन बनाकर रन आउट हो गए। धालीवाल को हालांकि किर्टन के रूप में अच्छा साथी मिला।

# पैट कमिंस का सामान हुआ चोरी, मैक्सवेल और स्टार्क की लाइट हुई लेट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया की पूरी टीम अब बारबाडोस पहुंच गई है, जहां उसे टी20 वर्ल्ड कप 2024 का अपना पहला मुकाबला खेलना है। पैट कमिंस, मिचेल स्टार्क और ग्लेन मैक्सवेल आईपीएल 2024 के प्लेऑफ्स के मैचों को देखकर ऑस्ट्रेलिया लौटे थे और अब वहां से वेस्टइंडीज पहुंचे हैं। हालांकि, इस बीच ऑस्ट्रेलिया के कैंप से एक खबर आई है कि पैट कमिंस का लगेज ही चोरी हो गया है। बता दें कि, बुधवार को ऑस्ट्रेलिया को अपने टी20 वर्ल्ड कप अभियान की शुरुआत करनी है, जहां टीम को ओमान से भिड़ना है।क्रिकेटडॉट कॉमडॉट एयू की रिपोर्ट की मानें तो ऑस्ट्रेलियाई टेस्ट कप्तान ने सिडनी और कैरिबियन के बीच दो दिन यात्रा में बिताए और उनकी पत्नी बेकी ने बताया कि रास्ते में कमिंस का कुछ सामान भी खो गया था। हालांकि, बाद में उन्हें वो चीजें वापस मिल गई थीं। मार्कस स्टोइनिस वॉर्मअप मैच में



वेस्टइंडीज के खिलाफ नहीं खेल पाए थे, क्योंकि उनका क्रिकेट बैग त्रिनिदाद नहीं पहुंच सका था। वहीं, ग्लेन मैक्सवेल और मिचेल स्टार्क की फ्लाइट डिले हो गई, जिसके कारण वे देर से बारबाडोस पहुंचे। ऐसा एक या दो नहीं, बल्कि कई क्रिकेटर्स के साथ हुआ है। श्रीलंका के ऑलराउंडर वानिंदु हसरंगा ने भी इस पर निराशा जाहिर की थी। श्रीलंका, साउथ अफ्रीका और आयरलैंड के कई खिलाड़ियों ने लगेज को लेकर कंप्लेंट की है। इस बार कुछ ज्यादा ही दिक्कत खिलाड़ियों को हुई है। आईसीसी का ये पहला ऐसा इवेंट होगा, जहां खिलाड़ियों को इतनी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। आईसीसी को भी निशाना बनाया जा रहा है, क्योंकि न्यूयॉर्क में बने नए स्टेडियम में भारतीय खिलाड़ियों के किट बैग बाहर ही रखे हुए थे। इसको लेकर बोर्ड ने शिकायत भी की थी। हालांकि, मामले को जल्द सुलझा लिया गया था।

## विरोधी टीम पर ध्यान देने के बजाय अपनी क्षमता से खेले भारतीय टीम-युवराज सिंह



**न्यूयॉर्क (एजेंसी)।** अपनी आक्रामक बल्लेबाजी के लिए मशहूर रहे युवराज सिंह का मानना है कि भारतीय टीम में कौशल और आत्मविश्वास की कोई कमी नहीं है और अगर वह टी20 विश्व कप में विरोधी टीम पर ध्यान देने के बजाय अपनी क्षमता के साथ खेले तो वह आईसीसी ट्रॉफी जीतने का लंबा इंतजार खत्म कर सकती है। भारत ने अपना अंतिम आईसीसी टूर्नामेंट 2013 में चैंपियंस ट्रॉफी के रूप में जीता था। इससे दो साल पहले युवराज के शानदार प्रदर्शन से भारत ने वनडे विश्व कप जीता था। भारत ने 2007 में पहला टी20 विश्व कप भी जीता था जिसमें युवराज ने इंग्लैंड के खिलाफ लीग मैच में तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड के ओवर में छह छक्के लगाए थे। युवराज से जब भारत के पिछले एक दशक से भी अधिक समय से आईसीसी ट्रॉफी नहीं जीत पाने के बारे में पूछा गया, उन्होंने कहा,''मेरा मानना है कि बड़े टूर्नामेंट जीतने के लिए हमारे पास आत्मविश्वास है। अगर भारत खुद पर विश्वास रखे और अपनी पूरी क्षमता से खेले तो वह खिताब जीत सकता है।'' टी20 विश्व कप के लिए आईसीसी के एंबेसडर युवराज ने कहा, ''अतीत में हमने इन्हीं चीजों पर गौर करके जीत हासिल की। हमने अपने मजबूत पक्षों पर ध्यान दिया। हमें इस पर ध्यान नहीं देना चाहिए कि विपक्षी टीम हमें कहां नुकसान पहुंचा सकती है। हमें अपने मजबूत पक्षों पर गौर करना होगा। हमारे पास कई मैच विजेता खिलाड़ी हैं।'' उन्होंने कहा,''आईसीसी विश्व कप की तैयारी के लिए आईपीएल सबसे बेहतरीन मंच है और मुझे पूरी आशा है कि यह शानदार टूर्नामेंट होगा।'' युवराज ने कहा,''अगर भारत जीतता है तो यह हमारे लिए शानदार पल होगा। भारत को आईसीसी ट्रॉफी जीते हुए लंबा समय हो गया है। उम्मीद है कि इस बार हमारी टीम यह इंतजार खत्म कर देगी।'' अमेरिका और वेस्टइंडीज टी20 विश्व कप की संयुक्त मेजबानी कर रहे हैं। युवराज से पूछा गया कि कौन सी टीमें फाइनल में जगह बना सकती हैं, उन्होंने कहा,''मेरी उम्मीद है कि भारत और संभवत वेस्टइंडीज या पाकिस्तान लेकिन ऑस्ट्रेलिया नहीं।

## नॉर्वे शतरंज, अलीरेजा से हारे प्रज्ञाननंदा, कार्लसन को एकल बढ़त

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के भाई बहन की जोड़ी आर प्रज्ञाननंदा और आर वैशाली को नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट छठे दौर में हार का सामना करना पड़ा जबकि मैग्नस कार्लसन ने खराब फॉर्म में चल रहे डिंग लिरेन को हराकर 12 अंकों के साथ एकल बढ़त हासिल कर ली। अमेरिका के फैबियानो कारूआना ने हमवतन हिकारू नाकामुरा को हराकर छह खिलाड़ियों के बीच डबल राउंड रॉबिन आधार पर खेली जा रही इस प्रतियोगिता में कार्लसन को बढ़त हासिल करने में मदद पहुंचाई। प्रज्ञाननंदा को क्लासिकल मैच में फ्रांस के फिरोजा अलीरेजा के खिलाफ थोड़ा संघर्ष करना पड़ा लेकिन वह इसके बाद आर्मगेडन टाईब्रेकर में हार गए। उनकी बहन वैशाली को चीन की विश्व महिला चैंपियन वेनजुन जू से हार का सामना करना पड़ा।

अब जबकि चार दौर की बाजियां खेली जानी बाकी हैं तब शीर्ष पर काबिज कार्लसन के बाद नाकामुरा का नंबर आता है जिनके 11 अंक हैं जबकि प्रज्ञाननंदा 9.5 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर बने हुए हैं। अलीरेजा आठ अंकों के साथ चौथे और कारूआना 6.5 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर हैं जबकि चीन के डिंग लीरेन अब तक केवल 2.5 अंक ही बना पाए हैं। महिलाओं के वर्ग में वेनजुन जू और अन्ना मुजिचुक ने वैशाली की जगह बढ़त हासिल कर ली है। वेनजुन जू और मुजिचुक दोनों के समान 10.5 अंक हैं जबकि वैशाली उनसे आधा अंक पीछे है। मुजिचुक ने चीन की टिंगजी लेई को आर्मगेडन टाईब्रेकर में हराया। लेई सात अंकों के साथ चौथे स्थान पर हैं। वह भारत की एक अन्य खिलाड़ी कोनेरू हंपी से दो अंक आगे है। हंपी को आर्मगेडन में स्वीडन की पिया क्रैमलिंग के हाथों एक और हार का सामना करना पड़ा। क्रैमलिंग के 4.5 अंक हैं और वह तालिका में सबसे निचले स्थान पर है।

### भारत के खिलाफ मैच से पहले

## पाकिस्तान टीम हो जाती है नर्वस-कप्तान बाबर आजम



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** टी20 वर्ल्ड कप 2024 की शुरुआत हो चुकी है। जहां टूर्नामेंट में भारत के अभियान की शुरुआत 5 जून से आयरलैंड के खिलाफ होगी। वहीं भारतीय टीम का सबसे अहम मुकाबला 9 जून को पाकिस्तान के खिलाफ खेला जाएगा। हर किसी को इस मुकाबले का बेसब्री से इंतजार है। वहीं अब पाकिस्तान क्रिकेट टीम के कप्तान बाबर आजम ने भी इस मैच को लेकर अपना राय दी। उन्होंने स्वीकार किया कि दोनों देशों के बीच होने वाले मैच को लेकर बना माहौल और जीत का दबाव खिलाड़ियों को नर्वस कर देता है। उन्होंने इस मैच के लिए अपने खिलाड़ियों को कूल रहने और बेसिक्स पर कायम रहते हुए खेलने की सलाह दी है। बाबर आजम ने स्वीकार किया कि भारत और पाकिस्तान मैच चर्चा सबसे ज्यादा होती है और इसके लिए अलग तरह का वातावरण तैयार किया जाता है। आप वर्ल्ड में कहीं भी जाइए आपको भारत और पाकिस्तान के मैच को लेकर चर्चा करते हुए लोग मिल ही जाएंगे। हमारे फैंस को भी हमसे जीत की अपेक्षा होती है और निश्चित तौर पर इस मैच को लेकर बने माहौल की वजह से खिलाड़ी थोड़ा नर्वस हो जाते हैं। अब ये इस पर निर्भर करता है कि आप इससे कैसे निपटते हैं? आप इस मैच के दौरान जितना अपने बेसिक्स पर ध्यान देंगे एक खिलाड़ी के रूप में आपके लिए चीजें आसान हो जाएगी और हम ऐसा ही करेंगे। बाबर आजम ने आगे कहा कि ये बेहद दबाव वाला मैच होता है और अगर आप शांत बने रहते हैं और अपनी कड़ी मेहनत और कौशल पर विश्वास रखते हैं तो चीजें आसान हो जाएंगी। पाकिस्तान के कप्तान को 2022 के टी20 वर्ल्ड कप में भारत के खिलाफ जीत दर्ज नहीं कर पाने का अब भी मलाल है। उन्होंने हमसे जीत छीन ली। हमें सबके अधिक पीड़ा जिम्बाब्वे के खिलाफ मिली हार ससे हुई। भारत के खिलाफ हार से इसलिए तकलीफ हुई क्योंकि हमने उस मैच में अच्छी क्रिकेट खेली थी और लोग हमारे प्रदर्शन की तारीफ कर रहे थे।

## मैथ्यू हेडन के बयान ने मचाया हंगामा, कहा- विराट कोहली मेरी टी20 वर्ल्ड कप का हिस्सा नहीं होंगे...





**नई दिल्ली (एजेंसी)।** टी0 वर्ल्ड कप में रोहित शर्मा का ओपनिंग पार्टनर कौन होगा? इस पर बहस जारी है। ओपनिंग स्लॉट के लिए यशस्वी जायसवाल और विराट कोहली दो दावेदार हैं। क्रिकेट पंडित इन दोनों ही खिलाड़ियों में से अपनी -अपनी पसंद बता रहे हैं। इस बीच ऑस्ट्रेलियाई पूर्व सलामी बल्लेबाज और मौजूदा एक्सपर्ट मैथ्यू हेडन का एक ऐसा बयान सामने आया है जिसने हर किसी को चौंका कर रख दिया है। हेडन का कहना है कि विराट कोहली जिस फॉर्म में हैं उसे देखते हुए उन्हें पारी का आगाज करना चाहिए, अगर कोहली ओपनिंग नहीं करते हैं तो वह उन्हें फिर अपनी भारत की टी20 वर्ल्ड कप टीम में शामिल नहीं करेंगे। ईएसपीएनक्रिकइन्फों से बात करते हुए मैथ्यू हेडन ने भारत की प्लेइंग इलेविन को लेकर चर्चा की। उनका कहना है कि किसी भी प्लेइंग इलेवन के टॉप 5 या 6 बल्लेबाज राइटी नहीं हो सकते, ऐसे में दूसरी टीमों को फायदा मिलेगा। इस वजह से टॉप ऑर्डर में एक लेप्टी होना चाहिए। हेडन ने यशस्वी जायसवाल और विराट कोहली को टीम इंडिया का ओपनर चुना है, वहीं रोहित को उन्होंने चौथे नंबर पर रखा है। विराट कोहली ने आईपीएल 2024 में बतौर ओपनर 15 मैचों में सबसे ज्यादा 741 रन बनाए थे, वह दूसरी बार इस रंगारंग लीग में ऑरेंज कैप जीतने में कामयाब रहे थे। कोहली के शानदार आईपीएल 2024 सीजन ने रोहित और पूर्व कप्तान के साथ भारत के ओपनिंग करने की संभावना को बढ़ावा दिया। आरसीबी के लिए खेलते हुए कोहली ने 15 पारियों में 741 रन बनाकर ऑरेंज कैप अपने नाम की थी। साथ ही उन्होंने कहा कि, आपके पास बाएं-दाएं का कॉम्बिनेशनल होना चाहिए। आप लगातार पांच दाएं हाथ के बल्लेबाजों को नहीं रख सकते। ऑस्ट्रेलिया फिर सीधा एडम जम्पा को बुलाएगा। कोहली को ओपनिंग करनी होगी, नहीं तो वह मेरी टीम में नहीं खेलेंगे, वह पूरी तरह से शानदार फॉर्म में हैं। उन्होंने कहा कि, रोहित एक बहुमुखी खिलाड़ी हैं और मध्य क्रम में बल्लेबाजी करने से नहीं कतराते हैं। टी20 क्रिकेट में नंबर 4 पर बल्लेबाजी करते हुए उनका रिकॉर्ड सफल रहा है और वह शुरुआती मिडिल ऑर्डर की अगुवाई कर सकते हैं।

## खिताब बचाने उतरेंगी भारत के सात्विक और चिराग की जोड़ी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार भारतीय जोड़ी ओलंपिक को ध्यान में रखते हुए मंगलवार से यहां शुरू हो रहे इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट में खिताब का बचाव करके अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखने की कोशिश करेगी। भारत की शीर्ष वरीयता प्राप्त जोड़ी को पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने का प्रबल दावेदार माना जा रहा है। इस सत्र में उनका प्रदर्शन अच्छा रहा है। उन्होंने चार प्रतियोगिताओं के फाइनल में प्रवेश किया जिनमें से वह फ्रेंच ओपन और थाईलैंड ओपन जीतने में सफल रहे। थॉमस कप में हालांकि इंडोनेशिया और चीन के खिलाफ वह अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए। इसके अलावा वह ऑल इंग्लैंड ओपन और पिछले सप्ताह सिंगापुर ओपन में शुरू में बाहर हो गए थे। सात्विक और चिराग पिछले साल इंडोनेशिया ओपन जीतकर सुपर 1000 टूर्नामेंट जीतने वाले पहले भारतीय बने थे। वे अब पिछले सप्ताह की गलतियों में सुधार करके पिछले साल का प्रदर्शन दोहराने की कोशिश करेंगे। उनका पहला मुकाबला मलेशिया के मैन वेई चोंग और काई वुन टी से होगा। ओलंपिक में दो बार की पदक विजेता पीवी सिंधू पर भी दबाव होगा जो पेरिस ओलंपिक से पहले आत्मविश्वास हासिल करना चाहेंगी। मलेशिया ओपन के फाइनल में पहुंचने से उनका मनोबल बढ़ा होगा लेकिन खिताबी मुकाबले में चीन की वांग झी यी के खिलाफ 11-3 से आगे होने के बावजूद हारना चिंताजनक है। आन से यंग, ??चेन यू फी, अकाने यामागुची और कैरोलिना मारिन जैसी चोटी की खिलाड़ी मलेशिया ओपन में नहीं खेली थी लेकिन वे इंडोनेशिया ओपन में चुनौती पेश करेंगे और ऐसे में सिंधू के लिए राह आसान नहीं होगी। सिंधू अगर पहले दौर में चीनी ताइपे की वेन ची सू को हरा देती है तो फिर उन्हें मारिन का सामना करना पड़ सकता है जिनसे वह पिछले सप्ताह क्वार्टर फाइनल में हार गई थी। पुरुष एकल में भारत की



निगाह एचएस प्रणय और लक्ष्य सेन पर टिकी रहेगी। लक्ष्य जापान के कांता सुनेयामा के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगे। क्वार्टर फाइनल में पहुंचने पर उनका सामना मौजूदा ओलंपिक चैंपियन और शीर्ष वरीयता प्राप्त विक्टर एक्सेलसेन से हो सकता है जिनसे वह पिछले सप्ताह हार गए थे।

इस सत्र में स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों से जूझने वाले प्रणय पहले दौर में हमवतन प्रियांशु राजावत से भिड़ेंगे। विश्व के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत और किरण जॉर्ज भी अपनी चुनौती पेश करेंगे। पहले दौर में श्रीकांत का सामना चिको ऑरा ड्वी वार्डोयो से जबकि जॉर्ज का चीन के वेंग होंग यांग से होगा। महिला युगल में ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुकी तनिषा क्रैस्टो और अश्विनी पोनप्पा की जोड़ी अपने अभियान की शुरुआत कनाडा की जैकी डेंट और क्रिस्टल लाई की जोड़ी के खिलाफ करेगी। त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की एक अन्य भारतीय जोड़ी का सामना चीनी ताइपे की चेंग यू पेई और सुन यू हिंग से होगा।

# रामपुर कार हादसे में एक और युवक की मौत

## हादसे में घायल को जबलपुर रेफर किया गया था, अब तक हो चुकीं 5 मौतें





**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** सतना-रीवा नेशनल हाईवे पर रामपुर बघेलान थाना क्षेत्र में बीती रात हुई भीषण कार दुर्घटना में घायल एक और युवक की मौत हो गई है। इस हादसे में मरने वालों की संख्या अब बढ़कर 5 हो गई है जबकि एक गंभीर घायल का इलाज संजय गांधी मेडिकल हॉस्पिटल रीवा में चल रहा है।

हासिल जानकारी के मुताबिक,रामपुर बघेलान थाना क्षेत्र के मनकहरी में ब्रिज के ऊपर रविवार को देर रात हुए सड़क हादसे में घायल सनी पांडेय निवासी मारुति नगर की भी मौत हो गई।

गंभीर रूप से घायल सनी को जबलपुर रेफर किया गया था। लेकिन रास्ते मे उसकी सांसे थम गई। सनी की मौत के साथ इस हादसे में जान गंवाने वालों की संख्या बढ़कर 5 हो गई है।

शिवा पांडेय निवासी पुष्पराज कॉलोनी, नितिन पांडेय निवासी पन्नी लाल चौक, शिवांश तिवारी उर्फ शिब्बू निवासी ट्रांसपोर्ट नगर तथा शानू खान निवासी स्टेशन रोड की रविवार की रात ही मौत हो गई थी। शानू खान ने मौके पर ही दम तोड़ दिया था। जबकि नितिन, शिवा और शिब्बू की सांसें जिला अस्पताल पहुंचने के दौरान थम गई थीं। हादसे में घायल कृष्ण चंद निवासी स्टेशन रोड को उसकी गंभीर हालत के मद्देनजर रीवा रेफर कर दिया गया है।

**जन्मदिन मनाने गए थे दोस्तः** बताया जाता है कि घायल कृष्ण चंद्र जोशी स्टेशन रोड स्थित पेट्रोल पंप में पार्टनर है। उसका घर भी पेट्रोल पंप के पीछे है। रविवार को कृष्ण चंद का जन्मदिन था। सभी दोस्त उसका जन्मदिन मनाने रीवा जाने के लिए स्विफ्ट डिजायर कार से निकले थे। रामपुर में खाने-पीने के बाद वे रीवा की तरफ बढ़े लेकिन बाद में इरादा बदल गया और वे सतना वापस लौटने लगे।

मनकहरी के पास ब्रिज पर उनकी तेज रफ्तार कार बेकाबू होकर डिवाइडर से टकराई और पलट कर डिवाइडर के सहारे टिक कर खड़ी हो गई। उसका इंजन का हिस्सा सड़क पर और डिग्गी आसमान की तरफ हो गई। पुलिस ने कार सवार 6 लोगों में से 5 को निकाल कर अस्पताल भेज दिया। जबकि शानू खान का शव कार में ही फंसा रहा। उसे काफी देर बाद निकाला जा सका।

### आयोग की वेबसाइट और एप पर मिलेंगे चुनाव परिणाम

**सतना निप्र।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में सतना संसदीय क्षेत्र में शामिल सभी सात विधानसभा क्षेत्रों की मतगणना 4 जून को प्रातः 8 बजे से शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय व्यंकट ₹ मांक-1 सतना में होगी। मतगणना के प्रत्येक चर के विधानसभावार परिणाम प्रदर्शित किये जायेंगे। सबसे पहले प्रातः 8 बजे से डाकमत पत्र की गणना प्रारंभ होगी। इसके आधे घंटे बाद 8.30 बजे ईवीएम में दर्ज मतों की गणना प्रारंभ होगी। विधानसभा निर्वाचन मतगणना के परिणाम भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट और वोटर हेल्पलाइन एप पर देखे जा सकेंगे। वोटर हेल्पलाइन एप को गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड करना होगा। इसके अलावा वेबसाइट पर भी मतगणना के परिणाम प्रदर्शित किये जाएंगे।

### गलेक्सी हास्पिटल का संचालन तत्काल बंद करें

**सतना निप्र।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एलके तिवारी ने गलेक्सी हास्पिटल का संचालन तत्काल बंद करने के निर्देश हास्पिटल के संचालक प्रकाश पांडेय को दिये हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने हास्पिटल को जारी पत्र में कहा है कि बिना पंजीयन प्राप्त किये हास्पिटल का संचालन करना रुजोपचार संबंधी अधिनियम 1973 का उल्लंघन एवं दंडनीय अपराध है। हास्पिटल के संचालक पंजीयन प्राप्त करने के बाद ही हास्पिटल संचालित करें एवं इसकी सूचना से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय सतना को अवगत करायें।

# लोकसभा निर्वाचन 2024 की मतगणना आज, गणना की आवश्यक तैयारियां पूर्ण



**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** लोकसभा निर्वाचन 2024 मे हुये मतदान पश्चात इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन में दर्ज मतो की गणना पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था के बीच शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय व्यंकट क्रमांक-1 सतना में 4 जून को प्रातः 8 बजे से पोस्टल बैलेट की गिनती के साथ शुरू होगी। सुबह 8:30 बजे से ईव्हीएम में दर्ज मतों की गणना प्रारंभ होगी। मतगणना के संबंध में सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। तेज गर्मी को देखते हुये मतगणना स्थल पर ठंडा पानी, कूलर, पंखे, मेडीकल किट, मेडीकल टीम, एंबुलेंस, अग्नि शमन यंत्र, फायर बिग्रेड सहित सभी जरुरी व्यवस्थाएं और संसाधनों की व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही मतगणना स्थल पर त्रि-स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। जिला मजिस्ट्रेट द्वारा मतगणना स्थल पर कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिये मतगणना स्थल पर 100 मीटर की परिधि में दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के तहत परिणाम घोषित होने तक की अवधि में निषेधाज्ञा जारी की गई है। इस अवधि में व्यक्ति समूह के एकत्रित होने या चलने, सभा करने, रैली एवं जुलूस निकालने एवं लाउडस्पीकर के उपयोग को प्रतिबंधित किया गया है।

**प्रातः 6 बजे खोला जायेगा स्ट्रांग रुमः** लोकसभा निर्वाचन 2024 में सतना संसदीय क्षेत्र के मतदान में उपयोग हुई ईवीएम मशीनों को शासकीय व्यंकट क्रमांक-1 सतना में विधानसभावार बनाये गये स्ट्रांग रुम में कड़ी सुरक्षा के बीच रखा गया है। मतगणना दिवस पर उम्मीदवारों तथा प्रेक्षकों की उपस्थिति में प्रातः 6 बजे स्ट्रांग रूम खोले जायेंगे। स्ट्रांग रूम से मतगणना कक्ष तक ईव्हीएम ले जाने के लिए पृथक से दल तैनात किया गया है। अधिकारियों की निगरानी में ईव्हीएम को निर्धारित मतगणना कक्षों तक ले जाया जायेगा। इनमें भूतल पर दो विधानसभा क्षेत्र, प्रथम तल पर तीन विधानसभा क्षेत्र और द्वितीय तल पर दो विधानसभा क्षेत्र के मतों की गणना की जायेगी।

निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार प्रत्येक चक्र की गणना पूरी होने के बाद चक्रवार परिणाम की घोषणा की जायेगी। साथ ही रिटर्निंग आफीसर द्वारा हस्ताक्षर के बाद इसे इनकोर पोर्टल पर ऑनलाइन दर्ज कर दिया जायेगा। इसके बाद कोई भी व्यक्ति निर्वाचन आयोग की वेबसाइट तथा एप पर परिणाम देख सकता है। मीडिया सेंटर में भी प्रत्येक चक्र के परिणाम सूचित किये जायेंगे। अंतिम परिणाम मिलने तक मतगणना लगातार जारी रहेगी।

**गणना व्यवस्थाः** लोकसभा निर्वाचन 2024 में मैहर और रामपुर बघेलान विधानसभा में 20-20 तथा अन्य विधानसभा क्षेत्रों की मतगणना 18-18 टेबिलों में होगी। प्रत्येक चक्र में विधानसभा के निर्धारित टेबिल संख्या अनुसार उतने ही मतदान केन्द्रों की गणना की जाएगी। प्रत्येक टेबिल में मतगणना सहायक, माइक्रो प्रेक्षक, सुपरवाइजर तैनात रहेंगे। गणना के दौरान एक चक्र की ईवीएम की गणना होने के बाद जब तक उसे वहां से हटाया नही जाता, तब तक दूसरे चक्र की ईवीएम की गणना शुरू नही की जायेगी। काउटिंग के बाद ईवीएम की सीयू और मतपत्र लेखा सीलबंद कर रखे जायेगें। गणना कक्ष में सुरक्षा जाली के दूसरी तरफ अभ्यर्थी के गणना एजेन्ट भारत निर्वाचन आयोग के निर्धारित क्रमानुसार बैठेगें। मतगणना कार्य में लगे गणना सुपरवाइजर, मतगणना सहायक और माइक्रो आब्जर्वर का दो बार रेण्डमाइजेशन किया जा चुका है। अंतिम रेण्डमाइजेशन मतगणना दिवस 4 जून को प्रातः 5 बजे प्रेक्षकों की उपस्थिति में किया जायेगा।

**गणना एजेंट प्रातः 7 बजे तक एवं कर्मचारी 6 बजे तक कर लें प्रवेशः** मतगणना स्थल पर रिटर्निंग ऑफीसर धारा 128 की उद्घोषणा मतगणना प्रारंभ होने के पूर्व माइक से करेगें। मतगणना कार्य में संलग्न अधिकारियों-कर्मचारियों को मतगणना स्थल पर प्रातः 6 बजे तक उपस्थित होने के निर्देश दिये गये है। जबकि गणना एजेन्टो को प्रातः 7 बजे तक मतगणना स्थल पर प्रवेश कर लेने को कहा गया है। मतगणना स्थल पर विधिवत जांच और फ्रिस्किंग के बाद ही प्राधिकार पत्र के आधार पर प्रवेश दिया जायेगा। मतगणना स्थल पर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी प्रवेश प्राधिकार पत्र धारी मीडिया के व्यक्ति अभ्यर्थी और एजेन्टों वाले सामने के प्रवेश द्वार से प्रवेश करेगें और मतगणना स्थल पर बनाये गये मीडिया कक्ष में बैठेगें। उन्हें इधर-उधर घूमने की इजाजत नहीं होगी। किसी भी व्यक्ति को बीड़ी, सिगरेट, गुटखा, तंबाकू सहित किसी भी प्रकार के ज्वलनशील पदार्थ को ले जाने की अनुमति नहीं होगी।

## मतगणना केन्द्र में मोबाइल फोन तथा शस्त्रों पर रहेगा प्रतिंबध

**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम अनुसार लोकसभा क्षेत्र सतना की मतगणना 4 जून को शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय व्यंकट क्रमांक-1 सतना में होगी। मतगणना के लिए विधानसभावार गणना कक्ष बनाए गए हैं। मतगणना के लिए कड़े सुरक्षा प्रबंध किये जा रहे हैं। इस संबंध में निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार मतगणना केन्द्र में केवल मतगणना कर्मचारी, उम्मीदवार तथा उनके अनुमति प्राप्त मतगणना एजेण्ट एवं निर्वाचन आयोग तथा निर्वाचन कार्यालय से जारी प्रवेश पत्रधारी मीडियाकर्मी ही प्रवेश पा सकेंगे। मतगणना केन्द्र में मोबाइल फोन उपयोग पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा। मतगणना केन्द्र में किसी भी तरह के विस्फोटक अस्त्र-शस्त्र का भी प्रवेश पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा। यदि किसी उम्मीदवार को शस्त्र सुरक्षा प्राप्त है तो केवल उम्मीदवार को ही प्रवेश मिलेगा। उनके सुरक्षाकर्मी को मतदान केन्द्र प्रवेश नहीं मिलेगा। मतगणना केन्द्र में धूम्रपान पर पूरी तरह से प्रतिबंध रहेगा। मतगणना केन्द्र में आने वाले अधिकारी-कर्मचारी उम्मीदवार तथा उनके मतगणना एजेण्ट अपने प्रवेश पत्र साथ रखें। मतगणना केन्द्र में मोबाइल फोन, धूम्रपान सामग्री तथा किसी तरह का भोजन पदार्थ साथ ले जाने की अनुमति नहीं होगी।

## ईटीपीबीएस काउंटिग के लिये सीएमओ कोठी एआरओ नियुक्त

**सतना, निप्र।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिये 4 जून को हाने वाली मतगणना में गणना की शुरुआत पोस्टल बैलेट और ईटीपीबीएस की काउंटिंग से की जायेगी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा ने ईटीपीबीएस काउंटिंग के लिये सीएमओ नगर परिषद कोठी पूजा द्विवेदी को सहायक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया है। सुश्री द्विवेदी मतगणना दिवस पर प्रातः 6 बजे से काउंटिंग स्थल पर उपस्थित रहकर निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशानुसार काउंटिंग का कार्य संपादित कराना सुनिश्चित करेंगी।

# मतगणना की अंतिम तैयारियों का कलेक्टर और एसपी ने किया निरीक्षण

## चाक-चौबंद सुरक्षा के साथ मतगणना आज प्रातः 8 बजे से





**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** लोकसभा निर्वाचन 2024 की मतगणना 4 जून को प्रातः 8 बजे से शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय व्यंकट क्रमांक-1 सतना के नवीन भवन में की जाएगी। मतगणना के संबंध में निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था एवं अन्य सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा और पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता ने सोमवार को शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय व्यंकट क्रमांक-1 पहुंचकर मतगणना के लिये की गई तैयारियों का जायजा लिया। इस मौके पर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त मतगणना प्रेक्षक प्रभाष कुमार उकिल, उप जिला निर्वाचन अधिकारी स्वप्निल वानखेड़े, सीईओ जिला पंचायत संजना जैन, आयुक्त नगर निगम शेर सिंह मीना सहित विधानसभा क्षेत्रों के सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा ने मतगणना केन्द्र पर पहुंचकर मतगणना की अंतिम तैयारियों का निरीक्षण किया। इस दौरान मतगणना कक्षों में मतगणना कर्मियों, मतगणना अभिकर्ताओं की बैठक व्यवस्था को भी देखा। उन्होंने मतगणना केन्द्र पर उम्मीदवार एवं मतगणना अभिकर्ताओं, मतगणना कर्मियों, मीडिया प्रतिनिधियों के लिए बनाये गए प्रवेश द्वारों, वाहन पार्किग, सुरक्षा व्यवस्था को भी देखा और संबंधित अधिकारियों आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कलेक्टर वर्मा ने मतगणना केन्द्र में सुरक्षा मापदण्डों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए। उन्होने कहा कि मतगणना केंद्र में केवल प्राधिकृत व्यक्तियों को ही प्रवेश की अनुमति है। सुरक्षा कर्मी इस बात का विशेष रुप से ध्यान रखें कि कोई भी अन्य व्यक्ति मतगणना स्थल में प्रवेश नहीं करने पाये।

कलेक्टर अनुराग वर्मा वर्मा ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि लोकसभा निर्वाचन 2024 का कार्यक्रम अब अंतिम चरण पर है। जिसमें मतगणना सबसे महत्वपूर्ण कार्य हैं। मतगणना में संलग्न अधिकारी-कर्मचारी पूरी तन्मयता से मतगणना का कार्य पारदर्शिता के साथ करें, इसमें गलती की कोई गुंजाईश न रहे। मतगणना के संबंध में भारत निर्वाचन आयोग के सभी दिशा-निर्देशों एवं प्रोटोकाल का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाये। उन्होने विधानसभावार बनाए गए मतगणना कक्षों में जाकर तैयारियों का जायजा लिया। साथ ही डाक मतपत्रों की गणना के लिए की गई तैयारियों, स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था को भी देखा।

लोकसभा क्षेत्र सतना में शामिल सात विधानसभावार पृथक-पृथक गणना कक्ष बनाये गये हैं। इनमें मैहर और रामपुर बघेलान विधानसभा में 20-20 टेबिल तथा चित्रकूट, रैगांव, सतना, नागौद, अमरपाटन में 18-18 टेबिलों पर ईवीएम के मतों की गणना होगी। डाक मतपत्रों की गणना एआरओ सतना के गणना कक्ष में तथा ईटीपीबीएस पर क्यूआर कोड स्कैनिंग के लिये पृथक कक्ष में 7 टेबिल लगाई गई हैं।

### नमामि गंगे अभियान को सफल बनायें

## कलेक्टर मैहर ने अभियान की तैयारियों को लेकर की बैठक




**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** नमामि गंगे अभियान के तहत प्रदेश में जल स्त्रोतो तथा नदी तालाबो, कुंआ, बावड़ी तथा अन्य जल स्त्रोतो के जल संरक्षण एवं पुर्नजीवन के लिये विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य पर 5 जून से 16 जून तक विशेष अभियान संचालित किया जाएगा। प्रदेश के साथ ही मैहर जिले में जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं जीर्णोद्धार के लिये 5 जून से प्रारंभ हो रहे नमामि गंगे अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिये कलेक्टर मैहर रानी बाटड ने सोमवार कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण के लिए यह शासन का महत्वपूर्ण अभियान है तथा इसकी मूलधारणा जल संरक्षण से संबंधित है। जिले की सभी ग्राम पंचायतों तथा नगरीय निकायों में 5 जून से जल स्त्रोतों संरक्षण एवं जीर्णोद्धार गतिविधियां आयोजित की जाएं। सभी अपने-अपने क्षेत्रों में जल स्त्रोतों को चिन्हित कर लें तथा उनके संरक्षण तथा जीर्णोद्धार के लिये कार्य करें। बैठक में अपर कलेक्टर शैलेंद्र सिंह, कार्यपालय यंत्री आरईएस अश्वनी जायसवाल, डीपीएम अंजुला झा सहित नगरीय निकायों एवं जनपद पंचायतों के प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर बाटड ने जिला तथा अनुभाग स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि कुएं, बावड़ियां, तालाब, चेक डेम आदि जल स्त्रोतों के स्वच्छता का अभियान संचालित कर जहां आवश्यकता है गहरीकरण के कार्य किए जाएं। स्थानीय जनप्रतिनिधियों,समाजसेवियों, सामाजिक संगठनों तथा नागरिकों को इस अभियान से जोड़ा जाए। जल स्त्रोतों के जीर्णोद्धार, गहरीकरण के कार्य में श्रमदान करने के लिए प्रेरित किया जाए। इसके अतिरिक्त 5 जून को जल संरक्षण तथा पर्यावरण संरक्षण विषय पर सभी ग्रामों तथा निकायों में संगोष्ठी का भी आयोजन किया जाए। उन्होंने कहा कि अभियान के सफल क्रियान्वयन तथा सघन मॉनीटरिंग भी अधिकारियों द्वारा की जाये।

## मतगणना स्थल पर मीडिया कर्मी अपने मोबाईल, मीडिया कक्ष तक ही ले जा सकेंगे

**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए मतगणना आगामी 4 जून को शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय व्यंकट क्रमांक-1 सतना में होगी। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी स्वप्निल वानखेड़े ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतगणना स्थल में गणना कक्षों में किसी भी प्रकार का मोबाइल, लैपटॉप एवं इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस सख्ती से प्रतिबंधित रहेगा। गणना कक्षों में केवल प्रेक्षक के अलावा और किसी को भी मोबाइल साथ में ले जाने की इजाजत नहीं होगी।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतगणना स्थल पर प्राधिकृत प्रवेश पत्र के बिना किसी भी व्यक्ति को प्रवेश नहीं दिया जायेगा। मीडिया प्रतिनिधि अपने मोबाइल फोन मीडिया कक्ष तक ही ले जा सकेंगे। मतगणना कक्ष में मीडिया प्रतिनिधि केवल कैमरा बिना स्टैण्ड के ले जा सकेंगे। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी प्राधिकार पत्र धारक मीडिया प्रतिनिधि जनसम्पर्क अधिकारी के साथ मतगणना कक्ष में 3-4 व्यक्तियों के समूह में ही जा सकेंगे। मतगणना कक्ष में कैमरा स्टेण्ड या ट्रायपोड ले जाने की अनुमति नही हैं। मीडिया प्रतिनिधियों से अपेक्षा की जाती है कि वे मतगणना कक्ष में अपने कैमरे से ऐसा कोई फोटो न खींचे, जिससे मतगणना की गोपनीयता भंग होती हो।

सतना संसदीय क्षेत्र की मतगणना कार्य के दौरान मीडिया प्रतिनिधियों को मतगणना कक्षों में भ्रमण कराने के लिये जनसंपर्क अधिकारी राजेश सिंह को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। नोडल अधिकारी की सहायता के लिये जिला समन्वयक जन अभियान परिषद राजेश तिवारी तथा विधानसभावार कर्मचारियों की नियुक्ति स्कार्ट के रुप में लगाई गई है।

इसमें विधानसभा चित्रकूट के लिये एपीओ शिवरतन सिंह, रैगांव के लिये सहायक ग्रेड-3 केबी गर्ग, सतना के लिये पीसीओ केपी सिंह, नागौद के लिये बीसी अजय द्विवेदी, मैहर के लिये बीसी विष्णु बागरी, अमरपाटन के लिये एडीओ राजललन बागरी एवं रामपुर बघेलान विधानसभा के लिये आरएईओ कुलदीप त्रिपाठी की ड्यूटी लगाई गई है। रिजर्व में प्रभारी बीपीओ रजनीश जायसवाल को रखा गया है।

### प्री-एग्रीकल्चर प्रवेश परीक्षा 8 और 9 जून को

## परीक्षा की गतिविधियों पर निगरानी के लिये अधिकारियों का दल गठित

**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल द्वारा प्री-एग्रीकल्चर प्रवेश परीक्षा 8 और 9 जून को ऑनलाइन आयोजित की गई है। सतना जिले में प्रवेश परीक्षा के लिये मां मीरा कॉन्वेंट हायर सेकण्डरी स्कूल डेलौरा सतना को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। कलेक्टर अनुराग वर्मा ने मंडल के निर्देशों के अनुसार परीक्षा के सुचारु संचालन एवं परीक्षा की गतिविधियों पर निगरानी के लिये अधिकारियों का दल गठित किया है। जारी आदेशानुसार अपर कलेक्टर स्वप्निल वानखेड़े को सहायक समन्वयक तथा संयुक्त कलेक्टर नीरज खरे, सहायक अधीक्षक विनोद चतुर्वेदी को प्रशासनिक आब्जर्वर नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार प्राध्यापक डॉ जेपी शुक्ला और सहायक प्राध्यापक गेहचंद्र पटेल को आब्जर्वर नियुक्त किया गया है। परीक्षा से संबंधित ब्रीफिंग बैठक 5 जून को प्रातः 11:30 बजे कलेक्टर कार्यालय सतना के एफ-17 कक्ष में आयोजित की गई है। संबंधितों को बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिये गये हैं।

स्वत्वाधिकारी मुद्रक प्रकाशक संदीप द्विवेदी द्वारा मीडिया प्रकाशन रीवा से मुद्रित कर मीडिया ऑडीटर कार्यालय प्रभात बिहार कॉलोनी सतना से प्रकाशित, संपादक संदीप द्विवेदी आर.एन.आई नं.एमपीएचआईएन/2021/81683
प्रधान कार्यालय रीवा (सिटी कार्यालय चक्रधर सिटी सेंटर रीवा) फोन. नं. 9407132714, 7974467831 Mediaauditor1@gmail.com पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार, सभी विवादो का न्याय क्षेत्र रीवा होगा।